www.epaper.azadsipahi.in

27 फरवरी, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 130

सत्ता पक्ष के 15 और भाजपा के दो विधायकों को मिली जगह





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 79,700 रु./10 ग्राम
चांदी 97,000 रु./प्रति किलो



# प्रथम यज्ञ भूखंड पर योगी ने रच दिया इतिहास, सनातन का परचम अजय हुआ

## ■ महाकुंभ की ऐतिहासिक सफलता ने नींद उड़ा दी है अनर्गल बयानबाजों के फौज की
## ■ सनातनियों के इस महा समागम ने सनातनी एकता की मिसाल दे डाली
## ■ लगभग हर सनातनी पहुंचा संगम या संगम जल पहुंचा उनके स्थान
## ■ जो छूटे वह दिल से पहुंचे, बाकी बयानबाजी से

**प्रथम यज्ञ भूखंड पर आयोजित होनेवाला सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन, यानी महाकुंभ अब संपन्न हो चुका है। 46 दिन तक चले इस विशाल आयोजन की ऐतिहासिक सफलता पर आनेवाले दिनों में बहुत कुछ कहा-सुना जायेगा, लेकिन इस सबके बीच यह कहना गलत नहीं होगा कि इस अद्भुत-अविश्वसनीय आयोजन की ऐतिहासिक सफलता पर अनर्गल प्रलाप पूरी तरह गैर-जरूरी हैं। देश की विपक्षी पार्टियों, कांग्रेस, राजद, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी से लेकर दूसरे दलों के नेताओं ने जिस तरह महाकुंभ के खिलाफ बयानबाजी की है, इसका खामियाजा उन्हें आने वाले दिनों में जरूर भुगतना होगा। प्रयागराज के साथ उत्तरप्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने जिस तरह सनातनियों के इस विशाल संगम का प्रबंधन-सत्कार किया, वह अब इतिहास जरूर बन गया है, लेकिन इसके साथ ही इस आयोजन के खिलाफ खड़े होनेवालों को भी लोगों ने पहचान लिया है। आज जब महाकुंभ संपन्न हो गया है और अब अगली दो पीढ़ियां इस तरह के आयोजन की गवाह नहीं बनेंगी, इस बात का विश्लेषण जरूरी है कि आखिर इस आयोजन की ऐतिहासिक कामयाबी के विरोध में बयानबाजी क्यों हो रही है। महाकुंभ की ऐतिहासिक सफलता की पृष्ठभूमि में इसके खिलाफ बयान देने के कारणों को परिभाषित करते हुए क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही | विशेष


राकेश सिंह

प्रयागराज में त्रिवेणी संगम तट पर आयोजित महाकुंभ संपन्न हो गया है। 46 दिन तक चले धरती के सबसे बड़े सांस्कृतिक-धार्मिक आयोजन ने एक तरह भारत की विशाल क्षमता को स्थापित किया है, तो दूसरी तरफ कई रिकॉर्ड भी बनाये हैं। लेकिन दुखद यह है कि इस विशाल आयोजन को देश के ही कतिपय राजनीतिक दल और उसके नेता कठघरे में खड़ा कर रहे हैं।

महाकुंभ केवल एक धार्मिक समागम ही नहीं था, यह भारत की संस्कृति का भी परिचायक और आत्मा थी। इस बार महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया (करीब 65 करोड़), वह अकल्पनीय है। विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित और नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल और ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल और नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतुके और अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं, बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे हैं। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहा, तो सपा सांसद जया बच्चन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुंभ। इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना बयान सनातन धर्म के जुड़े सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिये गये हैं। ऐसे और कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के भ्रामक, त्रासद और गुमराह करने वाले बयानों से वहां जाने वाले लोगों को भयभीत, आतंकित और आशंकित किया गया। इन विपक्षी नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल और उपहास उड़ाते हुए लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। यह समझ आता है कि कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका-टिप्पणी करते हैं, जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिंदू समाज अपने अस्तित्व और अस्मिता पर हो रहे इन हमलों और आघातों के लिए कब जागरूक और संगठित होगा?

प्रयागराज महाकुंभ 2001 इस सहस्त्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ। इसमें 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार और



ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने न केवल देश, बल्कि दुनिया को चौंकाया है। यह दुनिया का पहला विशाल आयोजन था, जिससे भारत और सनातन धर्म का गर्व और गौरव दुनिया में बढ़ा। बावजूद इसके विपक्षी नेता जिस तरह की बातें कह रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता, सनातन विरोधी मानसिकता को ही दर्शा रहा है। वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। विडंबना देखिये कि इसका नुकसान उनको और उनके दल को भी हो रहा है। भारत में सनातन विरोध की राजनीति करके वे अपनी ही जड़ें उखाड़ रहे हैं, यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है।

मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एंड साइंस रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ का उल्लेख करते हुए जिस तरह कुछ विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा, उसकी आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कुछ लोग वास्तव में अनावश्यक और अनर्गल टीका-टिप्पणी करने में लगे हुए हैं। पुरानी कहावत है, 'मियां को न पाऊं, तो बीवी को नोच खाऊं' वाली स्थिति विपक्षी नेताओं और दलों की हो चुकी है। इसे छिद्रान्वेषी मानसिकता ही कहा जायेगा। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, अनर्गल, उच्छृंखल और विध्वंसात्मक आलोचना से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। विपक्षी नेता अपने नजरिये को बदलें और देश में नफरत और झूठ की राजनीति करके भ्रम फैलाने की ओछी राजनीतिक हरकतों से बाज आयें। विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देता। विपक्षी नेताओं ने सारी हदें लांघते हुए जो तुलनाएं की, जो अनर्गल प्रलाप किया है, वह निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती है। प्रतीत होता है कि हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्ता पक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।

कुछ विपक्षी नेताओं ने चुन-चुनकर इस आयोजन की समस्याओं को गिनाने में अतिरिक्त दिलचस्पी दिखायी और इस क्रम में वहां मची भगदड़ का जिक्र करते हुए यहां तक कहा कि उसमें हजारों लोगों की मौत हुई है। यह गैरजिम्मेदारी, मानसिक दिवालियापन और अपरिपक्व सोच के अतिरिक्त और कुछ नहीं। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री ने ऐसे लोगों को कठघरे में खड़ा किया, क्योंकि वे हिंदू आस्था पर जानबूझ कर प्रहार ही कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने सही कहा कि महाकुंभ भारत की संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। यह ठीक है कि जिस आयोजन में प्रतिदिन एक-दो करोड़ लोगों की भागीदारी होती हो, वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं और वे दिखीं भी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस आयोजन को विफल बताने की कोशिश की जाये अथवा यह कहा जाये कि श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। अच्छा हो कि विपक्षी नेता यह समझें कि ऐसे आयोजनों पर उनकी बेजा एवं बेतूकी टिप्पणियां उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान ही पहुंचाती हैं।

हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी शक्ल में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हिंदू मठों, मंदिरों, संतों, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते हुए राजनीति करते रहे हैं। ऐसे लोग भूल जाते हैं कि हिंदू भारत का बहुसंख्य वर्ग है। सनातन का विरोध करते हुए वे अपनी राजनीति जमीन को ही खोखला करते हैं। मोदी-योगी और भाजपा विरोध करते हुए वे राष्ट्र और सनातन विरोध पर उतर आते हैं। हिंदू पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते हैं, जो धर्म और संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है, विश्व मानवता को जोड़ने वाली है, उस पर कीचड़ उछाल कर वे सछिद्र नाव में सवार हैं। हिंदू समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा है।

महाकुंभ कोई नया आयोजन नहीं था, बल्कि यह वैदिक परंपरा से चला आ रहा है। ऋग्वेद, अथर्ववेद और श्रीमद्भागवत महापुराण में भी इसका उल्लेख है। यह आयोजन भारतीय संस्कृति की आत्मा है और इसे संकीर्ण राजनीतिक नजरिये से देखना अनुचित है। विपक्षी दलों के बयान ना सिर्फ उनके सनातन विरोधी चरित्र को दिखाता है, बल्कि उनकी गिद्ध दृष्टि को भी उजागर करता है, जो महाकुंभ के खिलाफ दुष्प्रचार की आंधी से हिंदू धर्म और संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्टा और षड्यंत्र है। यह सनातन धर्म पर प्रहार न केवल निंदनीय है, बल्कि शर्मनाक भी है। दूसरी तरफ विदेशों से आये मेहमानों ने महाकुंभ के भव्य, व्यवस्थित और सफल आयोजन की भरपूर सराहना की है। इटली से आये एक श्रद्धालु ने कहा, यहां आकर जो मेरा अनुभव है, वह काफी शानदार रहा है।

---

# झारखंड-बिहार का मोस्टवांटेड 13 लाख के इनामी नक्सली विवेक यादव की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड-बिहार का मोस्टवांटेड 13 लाख इनामी नक्सली विवेक यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। उसकी हत्या बिहार के गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के मंझौली स्थित टेकरा खुर्द गांव के समीप जंगल में की गयी। हत्या के पीछे का कारण नक्सलियों की आपसी वर्चस्व की लड़ाई बतायी जा रही है।

**जंगल में मिला विवेक का शव :** घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पहाड़ी क्षेत्र में मंगलवार लकड़हारों और चरवाहों ने एक युवक का शव पड़ा देखा। उन्होंने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गया के मगध मेडिकल कॉलेज भेजा और उसकी पहचान में जुट गयी। मंगलवार की देर शाम में मृतक की पहचान नक्सली नेता विवेक यादव के रूप में की गयी।

**प्रेमिका से आया था मिलने**

बताया जा रहा है कि विवेक यादव अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए आया था। इसी दौरान उसके साथियों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। हत्या को क्यों अंजाम दिया गया, ये फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। लेकिन आशंका जतायी जा रही है कि पुलिस से पकड़े जाने के डर से विवेक के साथियों ने उसकी हत्या की है।



### झारखंड में कई नक्सली घटनाओं में था शामिल

बता दें कि झारखंड पुलिस ने विवेक पर दस लाख का इनाम रखा था। जबकि बिहार पुलिस ने उस पर तीन लाख का इनाम घोषित किया रखा था। विवेक बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी और मध्य बिहार जोनल कमेटी में शीर्ष नक्सली लीडर में शामिल था और कई सालों से वह सक्रिय था। विवेक झारखंड में कई नक्सली घटनाओं में शामिल था।

### नक्सली नेता संदीप की मौत के बाद संभाली थी कमान

नक्सली नेता संदीप की मौत के बाद विवेक यादव ने ही माओवादी संगठन की कमान संभाल रखी थी।

# कांग्रेस के मंत्रियों को प्रमंडल और विधायकों को जिले की मिली जिम्मेवारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस कोटे के मंत्री और पार्टी विधायकों के बीच संगठनात्मक कार्यों की जिम्मेदारी का बंटवारा किया गया है। झारखंड प्रभारी के राजू के निर्देश के बाद प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मंत्रियों और विधायकों के बीच संगठनात्मक जवाबदेही निर्धारित की है। प्रभारी के राजू ने यह आदेश दिया है कि विधायक अपने दायित्व वाले जिले में महीने की पहली तारीख को और दूसरे जिले में 15 तारीख को बैठक आयोजित करेंगे। वे जिला कांग्रेस कमेटी और प्रखंड कमेटी के माध्यम से कार्यकर्ताओं से मांग पत्र या याचिका प्राप्त करेंगे। साथ ही, संबंधित सरकारी अधिकारियों या मंत्रियों से मिलकर इन शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करेंगे। विधायक संविधान बचाओ राष्ट्रीय पदयात्रा के साथ-साथ केंद्रीय और प्रदेश स्तर पर पार्टी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में भाग लेंगे।

### जिलावार जवाबदेही

- प्रदीप यादव, देवघर और दुमका
- राजेश कच्छप, पूर्वी सिंहभूम और जामताड़ा
- डॉ रामेश्वर उरांव, लोहरदगा और पलामू
- रामचंद्र सिंह, लातेहार और गढ़वा
- नमन विक्सल कोंगाड़ी, खूंटी और रांची
- भूषण बाड़ा, सिमडेगा और गुमला
- अनूप सिंह, धनबाद और कोडरमा
- सोना राम सिंकू, प. सिंहभूम और सरायकेला
- ममता देवी, रामगढ़ और हजारीबाग
- निशात आलम, पाकुड़ और साहिबगंज
- सुरेश बैठा, गोड्डा और चतरा
- श्वेता सिंह, बोकारो और गिरिडीह

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव

# अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल मुर्मू बोले पुलिस पदाधिकारी चाहते हैं बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल मुर्मू ने कहा सभी पुलिस पदाधिकारी बदलाव चाहते हैं। इसको लेकर राहुल मुर्मू ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि झारखंड पुलिस एसोसिएशन के केंद्रीय पदाधिकारियों के होने वाले चुनाव में पूरे राज्य से कुल 1056 प्रतिनिधि (डेलिगेट) मतदान करेंगे। केंद्रीय पुलिस एसोसिएशन में कुल सात पद के लिए चुनाव होना है जिसमें एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष एक, महामंत्री,दो संयुक्त सचिव और एक संगठन सचिव शामिल हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के सभी जिला, वाहिनी, इकाई भ्रमण करने के बाद यह बात प्रकाश में आया कि पुलिस पदाधिकारी विभिन्न समस्याओं पर पूर्व के एसोसिएशन केंद्रीय पदाधिकरियों से उदासीनता, उपेक्षा, पूर्वाग्रह का शिकार हुए हैं। सभी पुलिस पदाधिकारी बदलाव चाहते हैं।

**2 साल देरी से कराया जा रहा है चुनाव :** राहुल मुर्मू ने कहा कि पुलिस एसोसिएशन के सदस्य पुलिस पदाधिकारी में चुनाव को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया, क्योंकि यह चुनाव अपने नियत कार्यकाल से दो साल देरी से कराया जा रहा है। हमारी टीम विजयी होकर आती है तो सभी पुलिस पदाधिकारियों के सम्मान, समस्या, स्थानांतरण में एकरूपता, ससमय प्रोन्नति, आर्थिक लाभ आधारभूत संरचना, वर्षों से लंबित एसीपी-एमएसीपी का लाभ प्रदान कराया जाना सहित सभी सदस्यों के इलाज के लिए जल्द से जल्द बेहतर सुविधा प्रदान कराया जाना प्राथमिकता रहेगी।



### ये हैं प्रत्याशी

- राहुल कुमार मुर्मू,अध्यक्ष प्रत्याशी
- रोहित कुमार रजक, उपाध्यक्ष प्रत्याशी
- अशोक कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष प्रत्याशी
- संजीव कुमार, महामंत्री प्रत्याशी
- संतोष कुमार महतो, संयुक्त सचिव प्रत्याशी
- राकेश कुमार पांडेय संयुक्त सचिव प्रत्याशी
- मंटू कुमार, संगठन सचिव प्रत्याशी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# महाशिवरात्रि : देवों के देव महादेव की निकली भव्य बारात

## राज्यपाल और संजय सेठ ने पहाड़ी मंदिर से शिव बारात की झांकियों को विदा किया









आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महाशिवरात्रि पर देवों के देव महादेव दूल्हा के रूप में भव्य दिख रहे थे। गले में नागराज, हाथ में त्रिशूल, माथे पर चांद, शरीर पर भस्म। भोलेनाथ का श्रृंगार अद्भुत छटा बिखेर रहा था। हनुमानजी, देवी-देवता, बानर-भालू, भूत-पिशाच सब बाराती बनकर नाचते-गाते साथ चल रहे थे। बच्चे-बजुर्ग, महिलाएं और पुरुष, हर कोई उत्साह से लबरेज था। यह दृश्य था राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर का। महाशिवरात्रि पर यहां के पहाड़ी मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गयी। इस समारोह में पहाड़ी मंदिर, इंद्रपुरी, अरगोड़ा, चुटिया शिव मंदिर और बड़गाई से विभिन्न झांकियां निकाली गयीं। पहाड़ी मंदिर से भव्य बारात की झांकियों को विदा करने में राज्यपाल संतोष गंगवार, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय और रांची विधायक सीपी सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत पगड़ी पहनाकर किया गया। समारोह का शुभारंभ शाम चार बजे सभी झांकियों के रवाना होने से हुआ। पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने इस बारात में पांच प्रकार की झांकियां प्रस्तुत कीं। उन्होंने मुख्य द्वार पर स्टेज बनाकर दीप प्रज्ज्वलित किया और मुख्य पुजारी मनोज मिश्रा ने मंत्रोच्चारण किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय और विधायक सीपी सिंह ने शिव-पार्वती की आरती उतारी। बारात में शिव-पार्वती के अलावा नंदी, भूत-प्रेत, भगवान राम-सीता, राधा कृष्ण और भगवान बिरसा मुंडा की झांकियां भी शामिल की गयीं। शिव की बारात शनि मंदिर, अपर बाजार, शहीद चौक और अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए आगे बढ़ी। यहां सभी झांकियों के स्वागत के लिए पंडाल लगाये गये थे। जहां पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत किया गया।

## रमेश सिंह के नेतृत्व में 11 झांकियां निकाली गयीं









श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति इंद्रपुरी की अध्यक्षता रमेश सिंह ने की। इस शिव बारात में 11 झांकियां निकाली गयीं। इनमें मुख्य आकर्षण 144 वर्ष बाद हो रहे महाकुंभ पर आधारित भव्य झांकियां लोगों को मंत्रमुग्ध कर रही थीं। शिव-पार्वती की झांकी, नंदी की सवारी और देव-असुरों की झांकी भी शामिल थी। इसमें दुमका के पारंपरिक वाद्य यंत्र भी शामिल किये गये। साथ ही भूत, बेताल, साधु-संत एवं देवी-देवताओं की मनोरम झांकियां उत्तर प्रदेश, दिल्ली और बंगाल के कलाकारों के द्वारा भव्य प्रस्तुति दी गयी। गाजे-बाजे और नाच-गान के साथ बारात आसपास के इलाकों से होते हुए अंततः महावीर मंदिर, आरआर स्पोर्टिंग रातू रोड से होते हुए विश्वनाथ मंदिर पहुंची, जहां उसका जोरदार स्वागत-सत्कार होता है। जहां शुभ बेला में पारंपरिक गीतों के बीच भोलेनाथ और पार्वती का विवाह संपन्न कराया जाता है।

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

**ई–निविदा सूचना सं. सीई–कॉन–आरएसपी–एसईआर–एलसी–122,** मुख्य अभियंता/एसडी एवं आरएसपी, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की गई है। निविदा दिनांक 24.03.2025 को 12.00 बजे (आईएसटी) बंद की जाएगी। **कार्यों का संक्षिप्त विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे की सड़क सुरक्षा परियोजना इकाई (आरएसपीयू) के अधिकार क्षेत्र में खड़गपुर मंडल के गालूडीह–घाटशिला स्टेशनों के बीच किमी 213/21–23 पर एलसी 121 के स्थान में मौजूदा आरओबी में किमी 214/13–15 पर एलसी 122 के स्थान में कनेक्टिंग रोड और रैम्प (स्पैन–18.0 मी. और एप्रोच अंश के कम्पोजिट गर्डर के साथ आरओबी प्रॉपर) का निर्माण। **अनुमानित लागत:** रु.16.26 करोड़। **बोली प्रतिभूति:** रु.9.63 लाख। **समापन अवधि:** एलओए जारी होने की तिथि से 12 माह। इच्छुक निविदाकार निविदाओं के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। किसी भी स्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाता अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-1180)**

## महत्वपूर्ण खबरें

### पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालु सेवा शिविर का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। बाबा विद्यापति स्मारक समिति के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के मौके पर पहाड़ी मंदिर परिसर में श्रद्धालु सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के अंतर्गत प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम से लाये गये गंगाजल, कच्चा दूध, फूल, बेलपत्र, और धतूरा को भक्तजनों में निःशुल्क वितरित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष जयंत झा, महासचिव उदित नारायण ठाकुर, मृत्युंजय झा, ज्ञानदेव झा, अमरनाथ झा, हेमंत कुमार झा, केतन कुमार झा, मनोज झा, समिति के कानूनी सलाहकार छवि झा, अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के महासचिव अजय झा, इशांक झा, विमलेश झा, ऋतुनाथ झा, आर्यन मिश्रा, राजन कुमार महतो, रवि गुप्ता, पवन सोनी, विश्वाजीत झा आदि मौजूद थे।

### श्री श्री देव हनुमान मंदिर में रुद्राभिषेक



रांची (आजाद सिपाही)। महा शिवरात्रि के अवसर पर नामकुम थाना परिसर में श्री श्री देव हनुमान मंदिर में रुद्राभिषेक पूजन किया गया। पूजा पूरे विधि-विधान के साथ आचार्य पंडित मुकेश भास्कर द्वारा करायी गयी। यजमान के रूप में मनोज कुमार सिंह, देवेंद्र प्रसाद सिंह एवं टीपी केशरी मौजूद थे। पूजन कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार, ललन सिंह, मिथुन कुमार, शशि रंजन, चंदन कुमार सहित काफी लोग उपस्थित रहे। इस बीच आस पास से बहुत संख्या में भक्त मंदिर परिसर में पूजा करने पहुंचे।

### केंद्रीय सरना समिति के पदाधिकारी दिल्ली रवाना



रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को सरना कोड की मांग को लेकर केंद्रीय सरना समिति एवं विभिन्न आदिवासी संगठन हटिया एवं रांची रेलवे स्टेशन से दिल्ली रवाना हुए। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरना कोड आदिवासियों की बहुत पुरानी मांग है, आज तक आदिवासियों को धार्मिक पहचान नहीं मिल पायी है। झारखंड सरकार एवं बंगाल सरकार ने विधानसभा से पास कर केंद्र को भेजा है लेकिन केंद्र की सरकार ने सरना कोड लागू करने में रुचि नहीं दिख रही है इसीलिए पूरे देश के आदिवासी दिल्ली कूच कर रहे हैं। जिसमें 28 फरवरी 2025 को दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना प्रदर्शन करेंगे। दिल्ली जाने वालों में रांची, लोहरदगा, गुमला, बेड़ो, मांडर, चान्हो, लातेहार से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हैं। दिल्ली जानेवाले में केंद्रीय सरना समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, महासचिव संजय तिर्की, बलकू उरांव, संथाल समाज से लक्ष्मी टुडू, विनय उरांव, निर्मल पहान, भुनू तिर्की, द्रौपदी उरांव, सुखराम उरांव, जसवंत मुंडा, सुरेंद्र उरांव, संजू उरांव, जतरी उरांव एवं अन्य शामिल थे।

## राजीव रंजन मिश्रा ने महादेव के भक्तों का भव्य स्वागत किया



रांची(आजाद सिपाही)। बुधवार को श्री शिव बारात स्वागत समिति के द्वारा शिव बारात में आये सभी महादेव के भक्तों का भव्य स्वागत समिति के मुख्य संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा, शंकर दुबे, अध्यक्ष लंकेश सिंह एवं समस्त पदाधिकारियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। समिति के संरक्षक श्री मिश्रा ने बताया कि समिति के द्वारा शिव बारात में आये सभी शिव भक्तों को महादेव के नाम का अंगवस्त्र देकर, माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर किया गया। समिति के द्वारा शिव भक्तों के लिए जल एवं जूस का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल पारीक, राजीव सिंह, ज्योति शंकर साहू, टिंकू महतो, अरविंद कुमार लाल, वेणु गोपाल, इंदर सिंह, श्रवण कुमार, आकाश दुबे, विशाल कुमार, शशांक पाठक सहित दर्जनों सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डॉ भारद्वाज शुक्ल की पुस्तक मैनेजमेंट डायनेमिक्स का प्रकाशन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा ज़िला अंतर्गत बिशुनपुरा प्रखंड के दर्जिया ग्राम निवासी और दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग में वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक डॉ भारद्वाज शुक्ल ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर कॉमर्स एवं मैनेजमेंट से संबंधित मैनेजमेण्ट डायनेमिक्स नामक पुस्तक का लेखन किया है, जिसका प्रकाशन आरजी इंटरनेशनल पब्लिकेशन, तमिलनाडु के द्वारा किया गया है। इस 211 पेज की पुस्तक में कुल पांच यूनिट हैं, जो मैनेजमेंट के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हैं। पुस्तक के प्रमुख विषयों में फंडामेंटल्स ऑफ मैनेजमेंट, प्लानिंग एंड ऑर्गनाइज़िंग, स्टाफिंग एंड कंट्रोलिंग, लीडरशिप एंड मोटिवेशन और मैनेजेरियल एथिक्स शामिल हैं। यह पुस्तक देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के बीबीए, बीकॉम, एमकॉम एवं एमबीए के पाठ्यक्रम के लिए एक उपयोगी होगी। डॉ शुक्ल की इस पुस्तक का प्रकाशन कॉमर्स एवं मैनेजमेंट के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान है, जो छात्रों, शिक्षकों और पेशेवरों को मैनेजमेंट के विभिन्न पहलुओं को समझने में मदद करेगी। फिलहाल उक्त पुस्तक आरजी पब्लिकेशन के वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन परचेज की जा सकती है जिसका मूल्य 700 रुपये है। अभी तक डॉ शुक्ला के दर्जन भर शोध आलेख विभिन्न जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। जिसमें पियर रिव्यूड के साथ-साथ स्कोपस इंडेक्स जर्नल और यूजीसी केयर लिस्टेड जर्नल्स भी शामिल हैं। इसके साथ ही डॉ शुक्ला का स्कोपस इंडेक्स बुक सस्टेनेबल मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज फॉर इम्प्लॉयज रिटेंशन एंड रिक्रूटमेंट में इंपैक्ट ऑफ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग ऑन रिक्रूटमेंट प्रोसेस इन एमएनसीज ऑफ इंडिया एक चैप्टर का भी प्रकाशन हो चुका है। उन्होंने सितंबर 2024 में भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस बेस्ड ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट डिवाइस शीर्षक पर पेटेंट डिजाइन का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया है। डॉ शुक्ला के द्वारा विभिन्न समसामयिक विषयों पर समाचार पत्रों में संपादकीय आलेख भी आते रहते हैं।

## रांची नगर निगम 15 जगहों पर बनायेगा पार्किंग, टेंडर जारी हुआ

रांची (आजाद सिपाही)। रांची नगर निगम ने शहर के 15 प्रमुख पार्किंग स्थल के लिए टेंडर जारी किया है। इनमें मेन रोड, जयपाल सिंह स्टेडियम, न्यूक्लियस मॉल, सिदो-कान्हू पार्क और अशोक नगर स्थित मैपल प्लाजा के सामने के पार्किंग स्थल शामिल हैं। इसके अलावा डंगराटोली स्थित पैंटालूंस मॉल पार्किंग के लिए भी टेंडर निकाला गया है। प्री-बीड बैठक 10 मार्च से होगी और ऑनलाइन बोली 11 मार्च को होगी। नगर निगम ने जिन स्थानों के लिए टेंडर निकाला है उनमें ब्लैकबेरी बिल्डिंग (मेन रोड) से होराइजन होंडा तक, यूनिवर्सिटी गेट के पास कार पार्किंग, न्यूक्लियस मॉल के सामने, रांची क्लब कॉम्प्लेक्स (बैंक ऑफ महाराष्ट्र से इंडसइंड बैंक तक), जयपाल सिंह स्टेडियम के सामने, रांची पहाड़ी पार्किंग, मेन रोड स्मार्ट बाजार, कांके रोड स्मार्ट बाजार, चर्च कॉम्प्लेक्स से नाइस फर्नीचर तक, हरिओम टॉवर के सामने, पैंटालूंस मॉल (डंगराटोली चौक के पास), सिदो-कान्हू पार्क के सामने, गुप्ता भंडार से लेदर वर्ल्ड (इंडिया होटल के रास्ते), बालकृष्ण सहाय रोड और मैपल प्लाजा (अशोक नगर) शामिल हैं।

## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजी श्री कृष्णा नगर कॉलोनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी में भव्य शिवरात्रि महोत्सव मनाया गया। प्रातः 6:00 बजे से ही भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना शुरू की गयी। इसके उपरांत 7:00 बजे से भक्तों के द्वारा 251 किलो दूध से भोलेनाथ का अभिषेक कर पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और विशेष श्रृंगार किया गया। दिनभर मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा से मिली जानकारी के अनुसार मां भवानी सेवा मंडल, दुर्गा जागरण मंडली एवं स्त्री सत्संग सभा के सदस्यों के द्वारा भजनों की गंगा बहायी गयी। दुर्गा जागरण मंडली के सदस्यों के द्वारा भजन कीर्तन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के प्रधान नंदकिशोर अरोड़ा, मनोहर लाल जसूजा, चंद्रभान तलेजा, रामचंद्र तलेजा, सुनील कटारिया, चंदन सिडाना, किशोरी पपनेजा, अंचल किंगर, केसर पपनेजा, हरीश अरोड़ा, मनोज किंगर, हरीश मनूजा, गौरीशंकर मादनपौत्रा, विशाल अरोड़ा, कमल घई, नरेश खत्री, मनीष मुंजाल, गगन अरोरा, नरेश अरोड़ा, मुकेश तलेजा, जिमी अरोड़ा, विजय जसूजा, विनीत अरोड़ा, पंकज गखड़, पवन मनूजा, देवराज मनूजा, विजय जसूजा, अनिल मुंजाल, मुकेश सिडाना, निखिल घई, विकास घई, गगन अरोड़ा, जगदीश घई, उमंग मनूजा, रोहित तलेजा, पवन पपनेजा, दीपक किंगर, विशाल किंगर, रौनक मिढ़ा, कौशल्या देवी, पूनम तलेजा लाजवंती किंगर, राज देवी मनुजा, शकुंतला देवी मुंजाल, ज्योति अरोड़ा, नीलम अरोड़ा, राधा देवी तलेजा, बबीता पपनेजा, अंजना गिरधर, शशि किंगर, पूजा जसूजा, कांता देवी अरोड़ा, श्वेता चावला, शालू मिढ्ढा, सुनीता कात्याल, संगीता मादनपोत्रा, ऋचा मिढ्ढा, भावना किंगर, पिंकी तलेजा, चेतना सिडाना, रूबी अरोड़ा, अनु आनंद, हर्षिता जसूजा, कविता मुंजाल, सविता मुंजाल, कामना खत्री, मीनू घई और इनके अलावा समाज के कई लोगों का योगदान रहा।

## रांची में नीट 2025 परीक्षा की तैयारी पर गोल की ओर से विशेष सेमिनार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के गोल संस्थान द्वारा आयोजित नीट-2025 परीक्षा की तैयारी पर केंद्रित सेमिनार ने छात्रों के समक्ष अंतिम दो महीनों की रणनीति स्पष्ट की। क्लासरूम में उपस्थित छात्रों ने इस महत्वपूर्ण सत्र में भाग लेकर परीक्षा के निर्णायक दौर में अपनी तैयारी को धार देने के गुर सीखे।

संस्थान ने स्पष्ट किया कि पाठ्यक्रम पूर्ण हो चुका है और स्कोर-अप द्वारा रिवीजन, टेस्ट सीरीज, एआइटीएस, स्पॉट और डीपीपी के द्वारा छात्रों की प्रगति का आकलन कर रहे हैं। यह समय छात्रों के लिए अपनी कमजोरियों को पहचानने और उन्हें दूर करने का है।



गोल संस्थान के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टरा बिपिन सिंह ने छात्रों को एनसीइआरटी पर केंद्रित रहने की सलाह दी। यह अंतिम समय नयी पुस्तकों या अवधारणाओं को सीखने का नहीं, बल्कि पहले से सीखे गये ज्ञान को सुदृढ़ करने का है।

### अंतिम दो माह छात्रों के लिए निर्णायक कदम

**नियमित टेस्ट सीरीजः** किसी प्रतिष्ठित संस्थान के मार्गदर्शन में टेस्ट सीरीज में भाग लेना अनिवार्य है। यह परीक्षा के दबाव को समझने और समय प्रबंधन को सुधारने में सहायक होगा।

**विश्लेषणः** केवल टेस्ट देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि टेस्ट पेपर और प्रैक्टिस बुक के प्रश्नों का विश्लेषण करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अपनी गलतियों से सीखें और उन्हें दोहराने से बचें।

पैटर्न के अनुसार अभ्यासः नीट के नवीनतम पैटर्न (180 प्रश्न) के अनुसार नियमित रूप से अभ्यास करें। इससे परीक्षा के दिन आप परिचित महसूस करेंगे।

**अतिरिक्त सामग्री से बचेंः** अब नयी अतिरिक्त पुस्तकों या एनसीइआरटी से बाहर के अध्यायों को पढ़ने से बचें। यह समय पहले से ज्ञात अवधारणाओं को मजबूत करने का है।

**रिकॉल/मिस्टेक डायरीः** अपनी रिकॉल या मिस्टेक डायरी को अपडेट रखें और नियमित रूप से उसका पुनरावलोकन करें।

विषयवार रणनीतिः

फिजिक्सः कॉन्सेप्चुअल प्रश्नों पर ध्यान केंद्रित करें और फॉर्मूला डायरी का नियमित रूप से पुनरावलोकन करें।

**केमिस्ट्रीः** फिजिकल केमिस्ट्री में न्यूमेरिकल प्रैक्टिस और ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में रिएक्शन मैकेनिज्म, विशेषकर एनसीइआरटी में दिये गये नये रिएक्शंस का अभ्यास करें। इनऑरगेनिक कैमिस्ट्री में पीटी, केमिकल बांडिंग और कोरआर्डिनेशन कंपाउंड पर ज्यादा ध्यान दें।

**बायोलॉजीः** एनसीइआरटी आधारित प्रश्नों, डायग्राम, समरी और ब्लू बॉक्स में दिये गये जानकारी पर विशेष ध्यान दें।

तीनों ही विषय (फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी) में असर्शन और रीजन, स्टेटमेंट आधारित और मैच द फॉलोइंग प्रश्नों का नियमित अभ्यास करें। मानसिक और शारीरिक

**स्वास्थ्यः** योग और प्राणायाम के माध्यम से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाये रखें।

बिपिन सिंह द्वारा साझा की गयी रणनीतियां अंतिम दो महीनों में छात्रों को अपनी तैयारी को सुव्यवस्थित करने में मदद करेंगी। परीक्षा में सफलता के लिए निरंतर अध्ययन, अभ्यास और मानसिक शांति आवश्यक है। छात्रों को इस महत्वपूर्ण समय में तनाव से बचकर सकारात्मक दृष्टिकोण बनाये रखना चाहिए। यह अंतिम चरण है, और सही दिशा में किये गये प्रयास निश्चित रूप से सफलता दिलायेंगे।

# अमेरिका और रूस आये साथ-साथ

रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र के मंच पर पिछले दिनों दिखी रस्साकशी ने यह स्पष्ट कर दिया कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद बने और उस समय से लगभग निरंतरता में चले आ रहे वैश्विक समीकरण बिल्कुल बदल चुके हैं। इसके बाद फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ ह्वाइट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान अमेरिका और यूरोप के बीच की यह दरार और गहरी दिखी।

**अमेरिका-रूस एक साथ :** संयुक्त राष्ट्र के मंच पर पिछले दिनों दिखा वह दुर्लभ दृश्य वाकई ऐतिहासिक कहा जायेगा, जब यूक्रेन युद्ध से जुड़े प्रस्ताव पर अमेरिका और रूस एक पाले में खड़े थे और अमेरिका के निकट सहयोगी माने जाने वाले ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देश उनका विरोध कर रहे थे। स्थिति यह हुई कि अमेरिका को संयुक्त राष्ट्र महासभा में लाये अपने ही प्रस्ताव पर वोटिंग से दूर रहना पड़ा, क्योंकि उसमें ऐसे संशोधन मंजूर कर लिये गये, जो उसे स्वीकार्य नहीं थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यह एक नयी और कूटनीतिक दृष्टिकोण से अनोखी घटना थी।

**बदला अमेरिकी रुख :** इस सारी हलचल की वजह यह है कि राष्ट्रपति ट्रंप के सत्ता में आने के बाद अमेरिका के रुख में अचानक 180 डिग्री का फर्क आ गया है। अमेरिका अब यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की को तानाशाह बता रहा है, जबकि यूरोपीय देश रूस को हमलावर राष्ट्र के रूप में चित्रित करने पर अड़े हुए हैं। अमेरिका-रूस और यूरोपीय देशों के बीच यूक्रेन को लेकर इस टकराव का बड़ा अंतरराष्ट्रीय महत्व हो सकता है। इस घटनाक्रम का कूटनीतिक असर अभी आनेवाले दिनों में देखने को मिलेगा।

**रूस-यूक्रेन युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र मंच की रस्साकशी से स्पष्ट है कि द्वितीय विश्वयुद्ध बाद के वैश्विक समीकरण बदल चुके हैं। अमेरिका और रूस एक पाले में हैं, जबकि यूरोप उनके विरोध में है। ट्रंप और मैक्रों की मुलाकात में भी अमेरिका और यूरोप के बीच दरार स्पष्ट दिखी।**

**ह्वाइट हाउस में टकराव का साया :** इस टकराव का साया उस दिन ही ह्वाइट हाउस में हुई ट्रंप-मैक्रों मुलाकात के दौरान भी नजर आया। संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जहां ट्रंप ने पुतिन से हुई बातचीत के हवाले से शांति की संभावना जतायी, वहीं मैक्रों ने साफ किया कि इस शांति का मतलब यूक्रेन का समर्पण नहीं हो सकता, न ही बिना किसी गारंटी के युद्ध विराम हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रस्तावित शांति समझौते में यूक्रेन की संप्रभुता की पूरी गुंजाइश होनी चाहिए।

**भारत शांति का पक्षधर :** जहां तक भारत का सवाल है, तो वह पहले से ही खुद को निष्पक्ष नहीं, बल्कि शांति का पक्षधर बताता रहा है। ऐसे में सभी पक्षों के प्रयास से रूस-यूक्रेन युद्ध बंद होता है और शांति की कोई राह निकलती है, तो वह निश्चित रूप से पूरी दुनिया के लिए सुकून की बात होगी। लेकिन जिस तरह के मतभेद पश्चिमी खेमे में उभरे हैं, वे तुरंत मिटने वाले नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय संबंधों का नया स्वरूप इन नयी वास्तविकताओं के बीच से ही उभरेगा।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**प्रधानमंत्री मोदी ने सेहत के प्रति जागरूकता लाने और इस क्रम में मोटापे से लड़ने के लिए अपने-अपने क्षेत्र के दस जाने-माने लोगों को नामांकित कर यही रेखांकित किया कि इस समस्या की गंभीरता को समझने एवं समय रहते इसको नियंत्रित करने की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री की इस पहल ने मोटापे की समस्या के प्रति पूरे देश की चिंता को सामने रखा है। वास्तव में यह समस्या आनेवाले दिनों में गंभीर स्वास्थ्य चिंता बननेवाली है।**

# मोदी का मोटापामुक्त भारत: स्वास्थ्य क्रांति का आधार

**सतीश चंद्र मिश्र**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अपने शासन में भारतीय लोगों के स्वास्थ्य को लेकर निरंतर कदम उठाते हुए स्वस्थ भारत निर्मित करने के उपक्रम किये हैं। विकसित भारत-नये भारत-सशक्त भारत का आधार स्वस्थ भारत ही है। मोदी युग ने स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित करते हुए मोटापे से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने और मोटापे को नियंत्रित पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी ने मोटापे के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है, जिसमें भारतीयों से अपने खाना पकाने के तेल की खपत को कम करने का आग्रह किया। मोटापा कई जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एक फिट और स्वस्थ भारत बनने के लिए हमें मोटापे की समस्या से निपटना ही होगा। एक स्टडी के मुताबिक, आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। बीते सालों में मोटापे के मामले दोगुने हो गये हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गयी है। मोटापे को नियंत्रित करने की मुहिम एक सामयिक एवं सराहनीय कदम होने के साथ स्वास्थ्य-क्रांति का आधार है।

**प्रधानमंत्री ने इन लब्ध प्रतिष्ठित हस्तियों से दस-दस और लोगों को इसी अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नामांकित करने का आग्रह किया है।**

प्रधानमंत्री ने सेहत के प्रति जागरूकता लाने और इस क्रम में मोटापे से लड़ने के लिए अपने-अपने क्षेत्र के दस जाने-माने लोगों को नामांकित कर यही रेखांकित किया कि इस समस्या की गंभीरता को समझने एवं समय रहते इसको नियंत्रित करने की अपेक्षा है। उन्होंने यह अपेक्षा जतायी कि ये सभी मोटापे के खिलाफ क्रांति की अलख जगाने के साथ खाद्य तेल की खपत कम करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री ने इन लब्ध प्रतिष्ठित हस्तियों से दस-दस और लोगों को इसी अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री की यह पहल कुछ वैसी ही है, जैसी उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को प्रारंभ करते समय की थी। मोदी की मोटापे नियंत्रण से जुड़ी इस जनोपयोगी पहल से देश मे मोटापे के प्रति चेतना जाग्रत होगी और लोग मोटापे को नियंत्रित करने में सफल होंगे।

**लोगों में मोटापा बढ़ने के कई कारण हैं, जिनमें अति भोजन, अहितकर भोजन और प्रतिकूल भोजन के अलावा व्यायाम की कमी और तनाव शामिल हैं। पोषण में सुधार, गतिविधि बढ़ाने और जीवनशैली में अन्य बदलाव करने से लोगों के मोटापे को कम करने में मदद मिल सकती है।**

मोटापा वर्तमान युग की एक व्यापक स्वास्थ्य समस्या एवं एक दीर्घकालिक बीमारी है, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं एवं असाध्य बीमारियों का कारण बन सकती है और आपके जीवन को छोटा कर सकती है। दुनिया भर में मोटापे के शिकार एक अरब से ज्यादा लोगों में 88 करोड़ लोग वयस्क हैं, जबकि 15 करोड़ 90 लाख बच्चे हैं। महिलाओं में मोटापा बढ़ने की सबसे तेज गति देखने को मिल रही है। आज मोटापा समस्या नहीं, महामारी बन गया है। मोटापे ने महामारी का ऐसा रूप धारण किया कि इसने भुखमरी को भी पीछे छोड़ दिया है। भूखमरी से जितनी मौतें होती हैं, उससे कई ज्यादा मौतों की वजह अब मोटापा बन गया है। यूएन रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 5 से 9 साल के बीच के 13.1 करोड़ बच्चे, किशोरावस्था वाले 20.7 करोड़ और 200 करोड़ वयस्क लोग मोटापे के शिकार हैं।

अच्छी सेहत के बिना जीवन का कोई महत्व नहीं है। सेहत ठीक नहीं होगी तो व्यक्ति दुखी, तनावग्रस्त और रोगी बना रहता है। सेहत ही सबसे बड़ा धन है। ये बात जो लोग समझते हैं, वे अपनी सेहत के लिए बहुत सतर्क रहते हैं। अच्छे स्वास्थ्य की सबसे बड़ी बाधा मोटापा है, जब कोई व्यक्ति ऊर्जा के रूप में उपयोग की जाने वाली कैलोरी से अधिक कैलोरी का उपभोग करता है, तो उसका शरीर अतिरिक्त कैलोरी को वसा के रूप में संग्रहीत कर लेता है। इसी से मोटापा पनपता है। शारीरिक श्रम की कमी पेट पर मोटापा जमा होने का एक प्रमुख कारण है। आजकल की जीवनशैली में अधिकतर लोग 9-10 घंटों तक एक जगह बैठकर काम करते हैं और शारीरिक गतिविधि न के बराबर करते हैं। इससे शरीर में जमा हुई अतिरिक्त कैलोरी को बर्न करने में कठिनाई होती है और ये कैलोरी मोटापे के रूप में बदल जाती है। तनाव और नींद की कमी भी मोटापा बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। जब हम तनाव में होते हैं, तो शरीर में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ता है, जो पेट के आसपास चर्बी जमा करने का काम करता है। नींद की कमी से मेटाबोलिज्म पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और शरीर अधिक चर्बी जमा करने के लिए प्रेरित होता है। इसके अलावा, कुछ खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल और पेय पदार्थ-विशेषकर वे जिनमें वसा और शर्करा की मात्रा अधिक होती है-वजन बढ़ने की अधिक संभावना रखते हैं।

लोगों में मोटापा बढ़ने के कई कारण हैं, जिनमें अति भोजन, अहितकर भोजन और प्रतिकूल भोजन के अलावा व्यायाम की कमी और तनाव शामिल हैं। पोषण में सुधार, गतिविधि बढ़ाने और जीवनशैली में अन्य बदलाव करने से लोगों के मोटापे को कम करने में मदद मिल सकती है। मोदी की पहल से मोटापा नियंत्रित करने के अनुकूल परिणाम तभी सामने आ सकते है, इसमें वांछित सफलता तभी संभव है, जब आम लोग यह समझेंगे कि स्वस्थ जीवनशैली उन्नत राष्ट्र ही नहीं, उन्नत स्वास्थ्य का आधार है। आज की सुविधा एवं भौतिकतापूर्ण जीवनशैली मोटापा बढ़ाने का काम कर रही है। अब लोग उतना शारीरिक श्रम नहीं करते, जितना पहले अपनी सामान्य दिनचर्या के तहत किया करते थे। मोटापे को नियंत्रित करने में योग, ध्यान, प्रातःभ्रमण एवं व्यायाम की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी विचारक ने लिखा भी है कि मनुष्य के सबसे बड़े चिकित्सक हैं- शांति, प्रसन्नता और खुराका यह हकीकत है कि लोग यदि खानपान में संयम एवं सतर्कता बरतें, शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं और योग-व्यायाम को जीवन का हिस्सा बना लें तो मोटापे को भगा सकते हैं।

मोटापे अनेक बीमारियों का घर है, जो केवल कार्यक्षमता को कम करने का ही काम नहीं करता, बल्कि स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ाता है। जीवन को जटिल एवं अस्तव्यस्त बना देता है। निरोगी लोग किसी भी देश के लिए एक बड़ी पूंजी होते हैं। जब शरीर स्वस्थ रहता है तो लोग मानसिक एवं भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं और वे अपना काम कहीं अधिक तत्परता एवं निपुणता से करते हैं। इसका लाभ केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और देश को भी मिलता है। यही सशक्त एवं विकसित भारत का आधार भी है। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ जीवन शैली की जरूरत को समझा, लेकिन इसके लिए जागरूकता अभियान छेड़ने के साथ ही मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए भी कुछ करना होगा। मोदी की यह पहल जहां स्वास्थ्य क्रांति का माध्यम बनेगी, वहीं मिलावट नियंत्रण के प्रति भी जागरूकता पैदा करेंगी। यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में बड़े पैमाने पर मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री बनती एवं बिकती है। इसमें एक बड़ा हिस्सा उस खाद्य सामग्री का होता है, जो सड़क किनारे की दुकानों पर मिलती है। इस सामग्री में केवल खाद्य तेल की मात्रा ही अधिक नहीं होती, बल्कि वह मिलावटी भी होता है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी के चलते दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री घरों में भी इस्तेमाल होती है। इनमें खाद्य तेल एवं घी प्रमुख है। आज जब बाजार का खाना खाने का चलन बढ़ रहा है, तब सरकार को यह सुनिश्चित करना ही चाहिए कि उसकी शुद्धता एवं गुणवत्ता से कोई समझौता न होने पाए। इसी अभिक्रम से भारत का जन-जन स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ भावनाओं का अखूट वैभव लिये शक्ति, स्फूर्ति, शांति, आनंद एवं शारीरिक संतुलन से भरपूर दिव्य जीवन की यात्रा के लिये प्रस्थित हो सकता है। इससे हम मोटापा-मुक्त स्वस्थ भारत के संकल्प को हकीकत बना सकते हैं। स्वस्थ भारत का यह संकल्प ही कालांतर विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मददगार हो सकता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## राजधानी की खबरें

# उड़ता पंजाब बन गया है झारखंड: रमाकांत महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने झारखंड में अफीम की खेती को लेकर हेमंत सरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने सरकार द्वारा बुलडोजर और ट्रैक्टर से अफीम की फसलों को नष्ट करने की कार्रवाई को महज आइवॉश करार दिया है। महतो का कहना है कि पुलिस महकमा और सरकारी तंत्र इस अवैध खेती को बढ़ावा देने में शामिल है। उन्होंने खुफिया विभाग पर भी सवाल उठाते हुए पूछा कि जब लाखों एकड़ जमीन पर अफीम की खेती हो रही थी, तब सरकार का यह विभाग क्या कर रहा था? उन्होंने सवाल किया कि यदि यह खेती सरकार प्रायोजित नहीं है तो अब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

**चीरा लगाकर माल बाहर प्रदेशों में भेजने के बाद पुलिस रौंद रही है फसल**

उन्होंने झारखंड सरकार पर नशे के कारोबार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि जहां एक ओर तंबाकू और गुटखा पर बिना नीति बनाये प्रतिबंध लगाया जाता है, वहीं राजधानी के आसपास खुलेआम अफीम की खेती को नहीं रोका जा रहा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार झारखंड को नशे के कारोबार में उड़ता पंजाब बनाना चाहती है।

# कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने बुधवार को राज्यपाल संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में आरोप लगाया है कि झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग और रांची नगर निगम अवैध बारों को वैध बनाने के लिए कानून में बदलाव करने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें लिखा है कि राजधानी रांची के शहरी क्षेत्र में 33 बार का संचालन अवैध तरीके से हो रहा है। ये सभी बार उत्पाद और नगर निगम के कानून का उल्लंघन कर रूफटॉप में चलाये जा रहे हैं। इस मामले में सुनवाई के बाद झारखंड उच्च न्यायालय ने रूफटॉप में चल रहे सभी 33 बार पर कार्रवाई करते हुए बंद करवाने का आदेश दिया है। इस अवैध बार संचालकों को सहयोग करने और उनके बार को वैध बनाने के लिए झारखंड के उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग और रांची नगर निगम के अधिकारी पुरजोर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि नगर निगम के द्वारा ऐसा करने से जहां एक ओर बहुमंजिला इमारत में रहने वाले लोगों के अधिकार और स्वतंत्रता पर अंकुश लगेगा। वहीं अवैध रूप से शराब बेचने वाले बार संचालकों का मनोबल बढ़ेगा। इस तरह उत्पाद विभाग और नगर निगम द्वारा अवैध बार के माध्यम से शराब बेचने वाले चंद लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए कानून में बदलाव कर, उच्च न्यायालय को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यही नगर निगम के अधिकारी हैं जो फुटपाथ पर जीविका चलाने वाले गरीब दुकानदारों का समान को उठाकर ले जाते हैं। उन्हें बेरोजगार कर देते हैं। जिससे उनके परिवार का भरण पोषण की समस्या हो जाती है। जबकि चंद अवैध बार संचालकों के व्यवसाय को वैध करने के लिए कानून में बदलाव करने का प्रयास कर रहे हैं। अतः राज्यपाल से निवेदन है कि उपरोक्त मामले पर संज्ञान लेते हुए अवैध बार संचालकों को सहयोग के लिए तैयार की जा रही कानून को रद्द करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करेंगे।

**आरोप लगाया कि उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग और रांची नगर निगम अवैध बार को वैध बनाने के लिए कानून में बदलाव करने की तैयारी कर रहे हैं**

# विद्यार्थियों को इंटर्नशिप ट्रेनिंग सर्टिफिकेट दिया गया




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के एमबीए एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के छह विद्यार्थियों को इंटर्नशीप ट्रेनिंग सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। विदित हो कि फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एग्री हार्टिकल्चर एंड एग्रो रूरल उप समिति द्वारा मैनेजमेंट कोर्स के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप ट्रेनिंग का प्रोग्राम प्रारंभ किया गया है। उक्त जानकारी उप समिति के चेयरमेन आनंद कोठारी ने देते हुए कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के आग्रह पर एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को कृषि व्यवसाय, कृषि उद्योग एवं कृषि खाद्यान्न व्यापार के व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु इंटर्नशिप प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया है। पहले बैच में 6 विद्यार्थियों प्रिंसी, आकांक्षा कुमारी, जया कुमारी, नितिका तिर्की, निलय महतो और पंकज कुमार को चैंबर के सदस्य धरतीधन में अहारी उप समिति के चेयरमेन आनंद कोठारी के सुपरवीजन में कृषि उपदान, कृषि यंत्र एवं आधुनिक खेती प्रौद्योगिकी का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

आज इन ट्रेनीज को चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, अहारी उप समिति चेयरमेन आनंद कोठारी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल के द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया और इन विद्यार्थियों को सफल उद्यमी बनने और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयीं। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

## जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली होने से कई प्रतियोगी परीक्षाएं हो रहीं प्रभावित : अजय राय

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) में अध्यक्ष पद सहित कई महत्वपूर्ण पदों के खाली होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इन पदों के रिक्त रहने से आयोग की कार्यक्षमता बाधित हो रही है, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है और राज्य के युवाओं का भविष्य अधर में लटक रहा है। राय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली होने से कई प्रतियोगी परीक्षाएं प्रभावित हो रही हैं और कई परीक्षाओं का प्रकाशन नहीं हो पा रहा है। इससे राज्य के युवाओं का भविष्य अधर में लटक रहा है।

## रांची वेटनरी कॉलेज के छात्र की कोयंबटूर में मौत

रांची (आजाद सिपाही)। वेटनरी कॉलेज के छात्र शशांक कुमार शिवम की कोयंबटूर में सड़क हादसे में दुखद मौत हो गयी। यह हादसा सोमवार रात लगभग 9:30 बजे हुआ, जब वह अपने दो दोस्तों के साथ होटल से बाहर निकलकर जीटी रोड पार करने जा रहा था। इस दौरान एक वाहन ने उसे रौंद दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि शशांक धनबाद का रहने वाला था। वह 90 छात्रों के दल के साथ शैक्षणिक भ्रमण पर दक्षिण भारत गया था।

## श्री श्याम मंदिर में महा शिवरात्रि का भव्य आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को श्री श्याम मंडल रांची के तत्वावधान में महा शिवरात्रि का भक्तिमय वातावरण में भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही भक्तजनों का लंबी कतार में खड़े होकर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए आतुर थे। इस अवसर पर शंकर भगवान को दूध, शुद्ध जल, शहद, गन्ने का रस से अभिषेक कर शाम को उनका भव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर भोले बाबा को विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान्न का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 11 बजे आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, प्रियांश पोद्दार, जितेश अग्रवाल, विकाश पाडिया, नितेश लखोटिया, राजेश सारस्वत, अमित जलान, अरुण धनुका का सहयोग रहा।

## पुराना विधान सभा मैदान में शिव संकीर्तन



रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को महाशिवरात्रि पर शिवशिष्यों द्वारा पुराना विधान सभा मैदान एचइसी धुर्वा में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ अहर्निश शिव संकीर्त्तन अष्टयाम प्रारंभ हुआ। हर भोला, हर शिव के नाम की धूनी के साथ मंत्रोच्चार से माहौल सुवासित हो उठा। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिव कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि आये हुए आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गयी है। वैश्विक शिवशिष्य परिवार की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है, जिसमें पारस अस्पताल, धुर्वा के चिकित्सकों द्वारा आये हुए लोगों को निःशुल्क चिकित्सा एवं दवाई दी गयी। गरुड़ आई हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क नेत्र एवं दांत का उपचार किया गया। इस मौके पर होमियोपैथी चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। उक्त कार्यक्रम में वैश्विक शिवशिष्य परिवार के मुख्य सलाहकार अर्चित आनंद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अर्चित आनंद ने गरुड़ आई हॉस्पिटल एवं पारस हॉस्पिटल के डॉक्टरों एवं व्यवस्थापक के प्रति आभार जताया। इस आयोजन मेंशिवशिष्य हरींद्रानंद फाउंडेशन के अध्यक्ष बरखा आनंद एवं शिवशिष्य परिवार के सचिव अभिनव आनंद भी उपस्थित थे।

## नगड़, इटकी, बेड़ो, नामकुम, अनगड़ा, ओरमांझी और लापुंग सहित सभी जगहों पर महाशिवरात्रि की धूम

# शिवालयों में हर-हर महादेव की गूंज, श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक-रूद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद











### कलश यात्रा के साथ श्री श्री शिव- हनुमान मंदिर का वार्षिक महोत्सव शुरू

आजाद सिपाही टीम

**पिस्कानगडी/लापुंग/नामकुम/अनगड़ा/ओरमांझी/इटकी/पिठोरिया/बेड़ो।** महाशिवरात्रि का त्योहार बुधवार को नगड़ी क्षेत्र में धार्मिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सभी शिवालयों-मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चन की। नारो टिकरा टोली गांव स्थित मनोकामना मंदिर का 15वें स्थापना दिवस समारोह पर विशाल कलश यात्रा निकाली गयी। मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष विजय महतो, समाजिक कार्यकर्ता कुलदीप तिवारी सहित दर्जनों अतिथियों ने भगवा झंडा दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया। दूसरी ओर, नगडी प्रखंड के चिपरा पंचायत में स्थित कोलंबी तुसमू गांव के प्राचीन बूढ़ा महादेव में कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें नगडी जिप सदस्य पूनम देवी, समारोह के अध्यक्ष मनोज कुमार गोप. बजरंग महतो, उपेन्द्र महतो, धीरज महतो सहित अन्य अतिथियों ने कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों कलशधारियों को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। कलश यात्रा विभिन्न रास्तों से होते हुए कोयल नदी पहुंचा। जहां नदी का पवित्र जल भरकर वापस मंदिर परिसर पहुंचा। कलश धारियों ने प्राचीन बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक किया। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बजरंग महतो, उपेन्द्र महतो, धीरज मेहता, प्रेम गोप, संजय महतो, विशाल अनु गोप, बारिश गोप, बलराम गोप, दीपक गोप, पिताम्बर बालगोबिद महतो, मनीषा देवी, सितामुनी देवी, चंचला देवी, विकास गोप और संदीप गोप आदि उपस्थित थे।

### रूद्र महाकाल शिव मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक

इटकी के बनिया तालाब स्थित रूद्र महाकाल शिव मंदिर में बुधवार को महाशिवरात्रि त्योहार के अवसर पर कई अनुष्ठान आयोजित हुए। सुबह में पंडित अखिल पांडे के नेतृत्व में रुद्राभिषेक किया गया, जबकि शाम में शिव बारात में महाकाल शिव माता पार्वती के मिलन का कार्यक्रम हुआ। इसमें जयमाला सहित अन्य अनुष्ठान शामिल थे। कार्यक्रम में हजारों शिव भक्तों ने भाग लिया। शाम को महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन हुआ।

## महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, निकाली गयी शिव बारात की झांकी

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लगभग सभी शिवालयों में महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती की पूजा के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। उलातू ओरमांझी के महा कालेश्वर धाम, दुर्गा महादेव मंदिर, शिव मंदिर दडदाग, शंकर घाट मंदिर, सिलदिरी, महावीर मंदिर शास्त्री चौक, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर डहु, शिव मंदिर पिस्का, शिव मंदिर चुटूपालू, शिव मंदिर थाना परिसर ओरमांझी आदि मंदिरों में रूद्राभिषेक की गई। ओरमांझी के उलातू स्थित महा कालेश्वर धाम में भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया था। वहीं, शिव मंदिर चुटूपालू, शिव मंदीर दडदाग, दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में शिव बारात की झांकी निकाली गई। इसके बाद भगवान शिव-मां पार्वती विवाह का आयोजन किया गया। शिवालयों में झांकी सह पूजा में अमरनाथ चौधरी, कामेश्वर महतो, राज किशोर साहू, शशि मेहता, दीपक बड़ाईक, संतोष गुप्ता, हरे राम शर्मा, सुरेंद्र सिंधी, श्रवण महतो, बल राम महतो, किशोर नायक, शंभू तिवारी, मनोज गुप्ता, अशोक गुप्ता, नागेश्वर महतो, मानकी राजेंद्र शाही थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी, सत्य नारायण तिवारी, संतोष कुशवाहा और विनोद गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा।**

### पिठोरिया में उमड़े श्रद्धाल

पिठोरिया एवं आसपास के गांवों में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना की। मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। उधर, क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। भक्ति में लीन श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, दूध, दही, शहद और गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया। कई जगहों पर भंडारे और कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धुला उपस्थित रहे। इस मौके पर भगवान शिव की बारात की झांकी निकाली गयी, जो पूरे पिठोरिया गांव में भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर शिवभक्तों में उत्साह देखने को मिला।

### लापुंग में शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम एवं ककरिया में शिव बारात की आकर्षक झांकी निकाली गई। देवी देवताओं, ऋषि मुनियों, महात्माओं के साथ भूत पिचास का रूप धरकर यह झांकी निकाली गई। घघारी धाम में शिव बारात की झांकी नवा टोली से निकलकर घघारी धाम पहुंची। जबकि ककरिया में मठ मंदिर से निकलकर नाचते गाते मंडा टांड़ पहुंचकर झांकी का समापन हुआ। जिसके बाद हजारों लोगों को भंडारा में खिचड़ी का प्रसाद दिया गया। दूसरी ओर, लापुंग के बाबा गलगली धाम, वनखंडी धाम सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में सुबह से ही पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने लगी थी। वहीं बारात के बाद विवाह मंडप में भगवान शिव- माता पार्वती विवाह की अद्भुत प्रस्तुति हुई। वैदिक रीति के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया।

### नामकुम में उमड़ी आस्था की भीड़

महाशिवरात्रि त्योहार बुधवार को पूरे नामकुम क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर और ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। दिनभर बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। सुबह 5 बजे से ही विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव की पूजा-अर्चना शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और फल अर्पित कर महादेव का अभिषेक किया। वहीं शहर के प्रमुख मंदिरों जैसे नामकुम रेलवे स्टेशन शिव हनुमान मंदिर, पुरुलिया रोड स्थित जोड़ा मंदिर, नामकुम बाजार शिव मंदिर, लोवाडीह चौक शिव मंदिर और टाटीसिलवे चौक शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी आरा प्राचीन शिव मंदिर, बरगांवा शिव मंदिर, कोचाटोली शिव मंदिर, टाटीमिश्रा टोली शिव मंदिर, सिल्वे शिव मंदिर, ईईएफ मैदान राम शिव मंदिर और लालगंज स्थित शिव मंदिर में भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर मंगल कामनाएं की। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना की। दिनभर भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसरों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जिससे भक्तों को पूजा-अर्चना में कोई दिक्कत न हो। दूसरी ओर, नामकुम के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। उनीडीह स्थित शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा, जहां सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु लंबी कतारों में खड़े होकर भगवान शिव के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। देर शाम तक करीब आधा किलोमीटर लंबी कतार लगी रही। शिवलोक धाम में इस वर्ष एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। पूरे क्षेत्र में मेले जैसा माहौल बना रहा। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर श्रद्धा पूर्वक पूजा की। बताते चले कि शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। भक्तों के लिए सुबह से ही खीर और खिचड़ी का भोग वितरण किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में शिवलोक धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष दयानंद राय, मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा, दिनेश कुमार सिंह, राजू राय, रुद्रेश्वर राय, दीपक वर्मा, भीम राय, नरेंद्र राय, गोवर्धन राय आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मंत्री संजय सेठ और शिल्पी नेहा तिर्की से मिला लैंपस-पैक्स कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** लैम्पस और पैक्स कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ एवं राज्य की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से से मुलाकात की। उनसे लैम्पस और पैक्स कर्मचारियों का मानदेय भुगतान सहित विभिन्न विषयों पर ध्यान कराते हुए मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में लैम्पस और पैक्स कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार दत्ता, रांची जिला अध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, उरुगुटू लैम्पस के प्रबंधक आबिद अली अनवर, अरसण्डे कांके के प्रबंधक रणधीर केशरी और कोकदोरो लैम्पस के अध्यक्ष रघु पहान शामिल थे।

## मंत्री दीपक बिरुआ से मिला विस्थापित परिवार समिति का प्रतिनिधिमंडल



**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** हटिया विस्थापित परिवार समिति का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को झारखंड सरकार के राजस्व निबंधन, भूमि सुधार एवं परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ से मिलकर विस्थापितों की समस्याओं के समाधान को लेकर मांग पत्र सौपा। इस दौरान मंत्री जी के साथ बिंदुवार चर्चा की। इस पर मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि विस्थापितों को न्याय मिलेगा और सरकार उच्च स्तरीय बैठक कर बहुत जल्द समाधान निकालेगी। कहा कि सरकार इसे लेकर गंभीर है। प्रतिनिधि मंडल में समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव, विनय उरांव ,विलियम पाहन एवं सोमनाथ तिर्की शामिल थे।

## बेड़ो में कुआं से महिला का शव बरामद

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी पुलिस ने बुधवार अपराह्न तीन बजे मुकुंदा गांव के एक कच्चा कुआं से एक महिला का शव बरामद किया है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। इस संदर्भ में नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद वे बलदल के साथ मौके पर पहुंच गये। वहां स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुआं से बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि मृतका काला रंग का जींस, सफेद ब्लू रंग का टॉप और काले रंग का लेदर का जैकेट पहनी हुई है। पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी है। मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए गुरुवार को रिम्स अस्पताल भेजा जाएगा।

## हनुमान मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू महतोटोली गांव में बुधवार को हनुमान मंदिर का भूमिपूजन संपन्न हुआ। आचार्य अरविंद वैद्य के मंत्रोच्चारण के बीच यजमान जगु महतो और मनोज महतो ने अपनी-अपनी पत्नियों के साथ पूजा संपन्न किया। इसमें जिप सदस्य सुषमा देवी, आजसू के कांके प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, आजसू प्रखंड सचिव रुपाश्री गाड़ी, मुखिया पूजा किस्पोट्टा और पंसस तारा देवी शामिल हुए। इस अवसर पर जिप सदस्य ने कहा कि नया मंदिर बन जाने से ग्रामीणों में आध्यात्म की ओर झुकाव होगा। इसके अलावा अतिथियों ने मंदिर निर्माण में समिति को हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर मनोज महतो, धर्मनाथ महतो, बिनोद महतो, दिलीप ठाकुर, दीपक महतो, सरिता देवी एवं भोला महतो आदि मौजूद थे।

## बेड़ो में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की आराधना की

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को भगवान शिव की पूजा और जलाभिषेक को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्यालय के प्रसिद्ध महादानी मंदिर, मुड़हर पहाड़ और हरिहरपुर जामटोली पहाड़ सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में लोगों ने व्रत रख कर आस्था पूर्वक भगवान शिव की पूजा की। इसके बाद अक्षत, चंदन और बिल्वपत्र आदि से पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की। इसके पहले सुबह से ही पूजा के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इसके लिए शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

### बेड़ो में कोचिंग सेंटर का शुभारंभ

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना के सामने में बुधवार को आदर्श एके-डमी नामक कोचिंग सेंटर का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ रविंद्र नाथ भगत ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक के मार्गदर्शन एवं मेहनत से आदर्श एकेडमी कोचिंग सेंटर छात्रहित में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं, कोचिंग सेंटर संचालक अभिजीत राज ने बताया कि बेड़ो में सीबीएसई, आइसीएसइ और जैक बोर्ड का कोचिंग सेंटर नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को दूर जाना पढ़ता था। जिसे देखते हुए बेड़ो में कोचिंग सेंटर खोलने का निर्णय लिया। वहीं, शिक्षकों में अभिजीत राज, आशीष रंजन, आशीष कुमार, दशरथ लकड़ा, प्रियंका राज, शिवेंद्र सौरभ होंगे। मौके पर प्रो इंद्र मोहन राय, राजेंद्र महतो, महेंद्र महतो, अफिंद्र महतो, राजकुमार महतो, प्रवीण कुमार, अंकित सोनी आदि मौजूद थे।

## खिजरी विधायक ने किया श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण कार्य का शिलान्यास

### ग्रामीणों ने संवेदक की मनमानी का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने नवागढ़ पंचायत के खक्सी टोली में झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग की ओर से राज्य संपोषित योजना अंतर्गत लोधाबेड़ा में श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण कार्य का बुधवार को शिलान्यास किया। इससे पहले ग्रामीणों ने चेकडेम निर्माण कार्य करा रहे संवेदक के कार्यो को लेकर नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का अरोप है कि मनमाने ढंग से ग्रामीणों से बिना सलाह लिये श्मशान में नींव की खुदाई कराई गई। कुछ लोगों का कहना था कि चेकडेम निर्माण होने से श्मशान तक शव ले जाने में कठिनाई होगी। इस पर विधायक ने श्मशान तक जाने के लिए पुल बनवा देने एवं चेकडेम निर्माण के लिए जहॉ फाउंडेशन की खुदाई की गई है उसे नीचे ग्रामीणों की मांग के अनुसार बनाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोग शांत हुए। इस मौके पर अनगड़ा जिप सदस्य राजेन्द्र शाही, मुंडा प्रमुख दीपा उरॉव, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, नवागढ़ पंसस फाल्गुनी शाही, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, एतवा उरांव, संतोष बेदिया, जगदीश भोगता, सोमरा बेदिया, पंचम भोगता, दीपेंद्र बेदिया, शनिवारवा बेदिया, राजेन्द्र शाही, दिलीप मिर्धा और विनय सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।



चेकडैम निर्माण कार्य का शिलान्यास करते खिजरी विधायक राजेश कच्छप।

## 501 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, शामिल हुए मंत्री संजय सेठ, राजकुमार पाहन और जैलेंद्र कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के सिरका गांव में शिव-हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय तृतीय वार्षिकोत्सव बुधवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर 501 महिलाओं ने कलश शोभा यात्रा निकाली। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, सिरका मुखिया रोशनलाल मुंडा, पंसस सावित्री देवी और डॉ अमर कुमार चौधरी ने कलश देकर यात्रा का शुभारम्भ किया। महिलाओं ने 10 किलोमीटर की यात्रा कर गेतलसूद डैम स्पेलवे साइड स्थित स्वर्ण रेखा नदी से कलश में जल लेकर ग्राम भ्रमण किया। इसके बाद मंदिर परिसर पहुंची। वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सभी धार्मिक अनुष्ठान आचार्य सूर्य नारायण पाठक व कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी के द्वारा कराया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष सीताराम पाहन, सचिव प्रणव महतो व साहेबराम महतो ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले अनुष्ठान का 28 फरवरी को पूर्णाहिति एवं भंडारा के साथ समापन होगा। कलश यात्रा में भाजपा नेता अजय महतो, नरेश साहू, जयशंकर मुंडा, अजित महतो, बलराम महतो, साहेबराम महतो, जयशंकर मुंडा, प्रणव महतो, राजीव महतो, राजेश महतो, संजय महतो, सूरज महतो, प्रकाश महतो आदि शामिल थे।

## जलेश्वर धाम पहुंचे भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, भगवान भोलेनाथ की पूजा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** महाशिवरात्रि के अवसर पर मांडर के भाजपा नेता सन्नी टोप्पो बुधवार को चान्हो के जलेश्वर नाथ धाम एवं मांडर के गौरी शंकर धाम पहुंचे। दोनों जगह पर पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं विकास की कामना की। कहा कि महादेव सबका कल्याण करें और सबकी मनोकामना को पूर्ण करें। इस दौरान पूजा समिति की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। दोनों जगहों पर समिति की ओर से आयोजन मेले का उन्होंने शुभारंभ किया। इस दौरान सभी से आपसी एकजुटता और समरसता बनाकर त्योहार का आनंद लेने एवं अपने क्षेत्र के विकास के लिए ईश्वर से आशीर्वाद प्राप्त करके सदैव सत्य के पथ पर कार्य करने का आह्वान किया। इस मौके पर जलेश्वर धाम समिति के अध्यक्ष अजय मिश्रा, सचिव हरीश कुमार गोप, कोषाध्यक्ष उमोश साहू संरक्षक नंदकिशोर साहू, रनथेश्वर शाही, सदस्य अनुप राम, संजय शाही, राजेंद्र शाही, अशोक गोप, गौरी शंकर धाम अंबाटोली मांडर के अध्यक्ष बंधन महतो, उपाध्यक्ष विमल गोप, सचिव किशुन पहान, विनोद महतो, पल्लव मिश्रा, बीजुपाड़ा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह, जनार्दन साहू, मनोज किस्पोट्टा, जिप प्रतिनिधि रबुल अंसारी, हरि करमाली, शिवम पाठक और सोनू मुंडा आदि उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि पर शिव बारात और झांकी देख भक्त हुए मंत्रमुग्ध

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवालयों में भक्तों की अपार भीड़ देखने को मिला। क्षेत्र के शिवालयों में सुबह से ही व्रतियों का भीड़-भाड़ रहा। दिन भर माहौल भक्तिमय रहा। शिवभक्तों ने व्रत रखकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध व जल से अभिषेक किया। स्थानीय मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। वहीं ईचागढ़ स्थित चतुमुर्खी शिव मंदिर,बांका महादेव, जारगोडीह महादेव मंदिर, बारूणा, टीकर, थाना परिसर सहित तमाम शिवालयों में शिवरात्रि धुम धाम से मनाया गया। ईचागढ़ थाना परिसर स्थित मनोकामना महादेव मंदिर में पूजा अर्चना हुई मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया। भगवान शिव संग भक्तों का टोली, भूत पिसाच के साथ बारात निकाली गई और पुरे टीकर बस्ती में भ्रमण किया गया। जगह-जगह शिव बारात का स्वागत किया गया। वहीं भजन संध्या का आयोजन किया गया। शिव बारात में अरुण कुमार माझी अनिल सिन्हा, बासुदेव चटर्जी, अमित सिन्हा, मुरलीधर मिश्रा, विश्वनाथ उरांव,अमर गोप, ललित घोष सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## राहे-गोमदा में निकाली गयी शिव बारात की झांकी



आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। सुबह से लेकर देर रात तक सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही । इस अवसर पर गोमदा शिव पूजा समिति के द्वारा शिव बारात की आकर्षक झांकी निकाली गयी। झांकी गोमदा मंदिर से निकलकर मुख्य मार्ग होते हुए सोलह आना शिव मंदिर तक गयी। राहे शिव मंदिर परिसर में शिव पार्वती विवाह प्रस्तुति किया गया। विवाह प्रस्तुति संपन्न होने के बाद झांकी गोमदा तक वापस आयी। शिव बारात की झांकी को देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ जमा हुई। वृहत आयोजन को लेकर गोमदा पूजा समिति के सदस्यों के महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातु/राहे।** राहे प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व को मनाया गया। सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किये। राहे प्रखंड के प्रसिद्ध शिवटँगरा शिव मंदिर, विसना बाबा मंदिर, सोलह आना समिति मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। सबसे अधिक भीड़ शिवटंगरा मंदिर पुरानानगर-महेशपुर में रही। श्रद्धालुओं ने यहां मंनत पूरी होने पर बकरे का बलि दिया। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी मन्नत जरूर पूरी होती है। मंनत पूरी होने पर श्रद्धालू बकरे की बलि देते है। मेला में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा भक्तों के लिए चना का वितरण किया गया। रात में बंगाल के प्रसिद्ध छऊ नृत्य मंडली द्वारा नृत्य किया गया। आयोजन को लेकर मंदिर समिति के सभी सदस्य सक्रिय रहे। समाजसेवी के द्वारा श्रद्धालुओं के लिये सेड, शर्बत, चना, गुड़ आदि की व्यवस्था किया गया था। इधर सोनाहातू प्रखंड के काला महादेव सोनाहातू, नीलकंठ धाम जामुदाग, शिव मंदिर हारिन, त्रिवेणी संगम शिव मंदिर महातीर्थ सतीघाट, शिव मंदिर पातरीपीड़ी बिरडीडीह, महादेव बेड़ा पंडाडीह, गेडिया महादेव बाबा मारांगकिरी, शिव मंदिर बारेंदा, शिव मंदिर उलीडीह, शिव मंदिर दुलमी आदि जगहों पर लोगो की काफी भीड़ रही।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनायी गयी महाशिवरात्रि, निकली शिव बारात

आजाद सिपाही संवाददाता





**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में बुधवार को महाशिवरात्रि का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर क्षेत्र के मंदिरो में श्रद्धालु भक्तों की काफी भीड़ देखी गयी। बचरा सहित आसपास के सभी ग्रामीण इलाकों में महाशिवरात्रि का उत्साह देखा गया। जानकारी के अनुसार बुधवार की अहले सुबह से सभी मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ देखी गयी। श्रद्धालु भक्त मंदिर प्रांगण जाकर भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना की। दोपहर में पूरे गाजे-बाजे के साथ शिव जी की बारात निकाली गयी। बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के प्रांगण में लोगों की काफी भीड़ पूजा अर्चना के लिए देखी गयी। वहीं बचरा शिव मंदिर में चल रहे 24 घंटे का अखंड कीर्तन का समापन किया गया, जिसके बाद संध्या मे शिव बारात निकाली गयी। शिव बारात में काफी संख्या में आसपास के लोग शामिल हुए। शिव बारात पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत बिहार कॉलोनी, माईन्र्स कॉलोनी, टीएच कॉलोनी, अशोक विहार कॉलोनी, बचरा चार नंबर चौक, बस स्टैंड चौक, थाना चौक, पटेल चौक, बाजारटांड़ आदि जगहों का भ्रमण किया। जिसके के बाद देर रात को मंदिर प्रांगण में शिव विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर कमेटी के सभी सदस्य शामिल हुए। मंदिर कमेटी के द्वारा सभी श्रद्धालुओ के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। कई सीसीएल अधिकारी, श्रमिक प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। इसके अलावा कोयलांचल क्षेत्र के राय शिव मंदिर से भी पूरे गाजे-बाजे और झांकी के साथ शिव बारात निकाली गयी। कमेटी के द्वारा शिव बारात में झांकी भी प्रस्तुत की गयी। शिव बारात में भारी संख्या में लोगों की भीड़ देखी गयी। इसके साथ ही कोयलांचल क्षेत्र के है बेती, किचटो, बहेरा, कारो, कल्याणपुर, चिरैयाटांड़, बिलारी, बचरा बस्ती, हौसीर, पुरानी राय, बमने चुरी सहित अन्य जगहों पर धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ शिव बारात निकाली गयी। महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया। पिपरवार पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों के बाहर पुलिस बल के जवानों की तैनाती की गयी थी। साथ ही साथ शरारती तत्व और मनचलों पर कड़ी नजर रखी गयी।

## महेश्वर धाम में मेला का हुआ आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मायापुर पंचायत के महेश्वर धाम केदल सहेदा में शिवरात्रि मेला का आयोजन किया गया। मेला में मुख्य अतिथि के रूप में में उपस्थित कांके विधायक सुरेश बैठा और विधायक प्रतिनिधि मंतोष रजक, मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो व शमीम बड़ेहार उपस्थित थे। विधायक सुरेश बैठा ने फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड की पहचान है मेला, इस तरह के आयोजनों से ही झारखंड की संस्कृति और सभ्यता को अक्षुण रखा जा सकता है। इस पर उन्होंने महेश्वर धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की अनुशसा व इस स्थल पर एक स्टेज और एक सामुदायिक भवन निर्माण की बात कही। इस पर आकर्षक रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर महेश भगत, रंथू उरांव, राजेश सिंह मिंटू, शशि मुंडा, गोपाल सिंह, साबिर अंसारी, विक्की सिंह, रोशनलाल, नितेश यादव, पप्पू यादव , विष्णु देव उरांव, अजय यादव, सोनु उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## तमाड़ में शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** आस्था का महापर्व महाशिवरात्रि पुरे प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड के बिभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिली। हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से प्रखड क्षेत्र का हर शिवालय गूंज उठा। भगवान शंकर को जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शिवालयों पर उमड़ पड़ी। शिव रात्रि को लेकर शिवालयों में महाशिवरात्रि के मौके पर आकर्षक विधुत साज सज्जा से सजाया गया। देर शाम तक सारजमडीह स्थित बूढ़ा महादेव मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें खीर और खिचड़ी के प्रसाद के रूप मे भक्तो के बीच वितरण किया गया। इधर देर रात शिवालय में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया, नुरीडीह गांव से शिव बारात निकाली गयी जो गागरसतिया शिव मंदिर तक पहुंची।

## बुंडू प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में शिवरात्रि का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के विभिन्न शिवालयों मे शिवरात्री का त्योहार हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। शिव भक्तों ने सुबह से ही निर्जला उपवास कर भगवान शिव की आराधना कर अपने तथा अपने परिवार की मंगल कामना की। बुंडू के थाना मंदिर, कॉलेज मोड शिव मंदिर, डमारी शिव मंदिर, रानी चुवा शिव मंदिर, राधा रानी शिव मंदिर, में सुबह से ही शिव भक्तों की लंबी-लंबी लाइन देखी गयी। शिव भक्त पूरी आराधना के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना की सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। कॉलेज मोड बुंडू शिव मंदिर से बुधवार को भगवान शिव की बारात निकाली गयी, जो बुंडू के महावीर मंदिर सुभाष चौक काली मंदिर टावर चौक नवरात्रि मंदिर बजरंग दल होते हुए धुर्वा मोड़ स्थित शिव मंदिर पहुंची जहां शराती के द्वारा भगवान शिव की भव्य स्वागत किया गया। धुर्वा मोड़ स्थित शिव मंदिर में वर माला करवाई गयी बारात में सातों देवियों का प्रारूप भगवान शिव के साथ-साथ चल रहे थे। साथ ही भूत प्रेत पिसाच बने कलाकार लोगों का मनोरंजन कर रहे थे। धुर्वा मोड़ स्थित शिव मंदिर में भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। धनंजय मुखर्जी, धीरेन महतो, राम महतो, सौरभ भगत, राजेश सिंह। वही कार्यक्रम में सत्यनारायण भगत, रोशन महतो, पंपू जायसवाल, प्रेम चौधरी, सुनील गुप्ता, कमलेश सिंह, अनीता देवी, बेबी देवी, रीना जायसवाल, पंपी देवी आदि का विशेष योगदान रहा।

## सोनाहातू प्रखंड क्षेत्र के काला महादेव और हराडीह मंदिर में हजारों शिव भक्तों ने की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातु।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सोनाहातु प्रखंड क्षेत्र के काला माहदेव और हराडिह मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दिन को लेकर शिव भक्तों का उत्साह विशेष रूप से देखा गया। हजारों की संख्या में लोग मंदिर पहुंचे और भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। काला माहदेव और हराडिह मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गयी। भक्तों ने बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजा की, वहीं मंदिरों में पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं को तंत्र-मंत्र के माध्यम से आशीर्वाद दिया गया। काले माहदेव मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक, बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव से अपने मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। हराडिह मंदिर में भी भक्तों का रेला लगा रहा, जहां महिलाएं और पुरुष एक साथ शिव की पूजा में व्यस्त रहे। इस अवसर पर मंदिरों को सजाया गया था और पूरे वातावरण में भव्यता का माहौल था। श्रद्धालुओं का कहना था कि महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की विशेष पूजा का महत्व है, और इस दिन किया गया व्रत और पूजा विशेष रूप से पुण्यकारी माना जाता है। मंदिरों में उमड़ी भीड़ यह सिद्ध करती है कि शिव भक्तों के लिए यह दिन अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण है। सभी भक्तों ने भगवान शिव से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## बचरा खेल मैदान में एक मार्च को होगा वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समापन समारोह का आयोजन

**मगध संघमित्रा एरिया की मेजबानी में सीसीएल के सभी क्षेत्रों की टीम होगी शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल के मगध संघमित्रा एरिया की मेजबानी में एक मार्च को पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में सीसीएल स्तरीय वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समापन सह पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम को लेकर मगध संघमित्रा एरिया प्रबंधन के द्वारा सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। बुधवार को मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में स्टाफ ऑफिसर पर्सनल संजय कुमार चौबे और स्टाफ ऑफिसर इएंडएम नलिन चंद ने प्रेसवार्ता कर बताया कि कार्यक्रम को लेकर बचरा चार नंबर खेल मैदान मे भव्य पंडाल और स्टैज का निर्माण कराया जा रहा है। पंडाल और स्टैज बनाने को लेकर कारीगर के द्वारा दिन रात काम किया जा रहा है। मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ के नेतृत्व में सभी अधिकारी और कर्मचारी इसकी तैयारी में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खान सुरक्षा महानिदेशालय के महानिदेशक उज्जवल ताह, सीसीएल के अध्यक्ष प्रबंध निदेशक नीलेंदु कुमार सिंह, खान सुरक्षा महानिदेशालय के उप महानिदेशक डॉ एसएस प्रसाद, रांची क्षेत्र के खान निदेशक आफताब अहमद, कोडरमा क्षेत्र के खान निर्देशक एनपी देवरी, चाईबासा क्षेत्र के खान निर्देशक आरआर मिश्रा, सीसीएल के निदेशक वित्त पवन कुमार मिश्रा, निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा और निदेशक तकनीकी हरीश दुहन सहित कई अधिकारी शामिल होंगे। वही कार्यक्रम में सीसीएल के सभी क्षेत्रो की टीम और एनटीपीसी, डीवीसी, हिंडाल्को और टाटा की टीम इस समारोह में शामिल होकर अपने-अपने एरिया का स्टॉल भी लगायेगें। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में सीसीएल के सभी क्षेत्रों में आयोजित वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का समापन किया जायेगा, जबकि बेहतर प्रदर्शन एवं सुरक्षा के साथ कार्य करने वाले क्षेत्रों और मजदुरो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। समारोह को सफल बनाने के लिए मगध संघमित्रा एरिया प्रबंधन के द्वारा सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। मगध संघमित्रा एरिया प्रबंधन के द्वारा सभी अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक प्रतिनिधि के अलावा विस्थापित ग्रामीणों से भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## रैयत विस्थापित मोर्चा की डकरा में हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा की डकरा में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने किया। बैठक में एनके एरिया के सभी परियोजना में रैयत विस्थापित की नौकरी मुआवजा सहित अन्य सुविधाओं को लेकर चर्चा की गयी । मोर्चा ने कहा कि एनके एरिया के रैयत विस्थापित की समस्याओं को लेकर प्रबंधन को गंभीरता से पहल करना चाहिए। वही एनके एरिया के रैयतो को जमीन संबंधित मामले में अंचल में भी काफी दौड़ाया जाता है। मोर्चा इसको लेकर गंभीर है। मोर्चा ने मांग किया कि अंचल में जमीन के सत्यापन के लिए रैयतो को कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े। इसके लिए अंचल से मांग है कि रैयतो की जमीन सत्यापन का कार्य जल्द किया जाय अन्यथा रैयतो की समस्याओं को लेकर आंदोलन भी किया जायेगा। इस बैठक में जगरनाथ महतो, जालिम सिंह, विनय खलखो, नरेश गंझु, अमृत भोगता, रामलखन गंझू, कंहाई पासी, शिवनारायण लोहरा, प्रभाकर गंझु, सुनील यादव, विनय उरांव, चंदू मुंडा, बिनोद मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

## ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत

**मुरी (आजाद सिपाही)। मुरी बोकारो रेलखंड के पुंदाग स्टेशन में बुधवार को ट्रेन से गिरकर उम्र 17 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बिहार के सीतामढ़ी कुम्हारा निवासी आंनद बिहारी दुबे का पुत्र विकास कुमार दुबे रक्सौल सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन से सफर कर रहे थे। इसी दौरान किसी कारण वश ट्रेन से गिर पड़ा। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस द्वारा शव को मुरी लाया गया। और उनके परिजनों को सुचना दिया गया। मुरी रेलवे पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।**

# विश्व कैंसर दिवस पर रैली निकाल कर किया जागरूक



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्व कैंसर दिवस पर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल परिसर से बुधवार को छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी। इस दौरान लोगों को कैंसर से बचाव, उपाय एवं इलाज के बारे में जानकारी दी गयी। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं कैंसर से बचाव से संबंधित स्लोगन और नारे लिखी तख्तियां हाथों में लिये थे। नगर भ्रमण के बाद रैली अस्पताल परिसर पहुंचा, जहां छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को कैंसर से बचाव के प्रति जागरूक किया। इसके अलावे अस्पताल में इलाजरत मरीजों के बीच जागरूकता फैलायी गयी। लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्राचार्य डॉ विवेक कश्यप ने कहा कि कैंसर से बचाव ही उसका सबसे बेहतर समाधान है। इसके लिये लोगों को जागरूक होना होगा। उन्होंने नशीली पदार्थ के सेवन से होने वाले कैंसर और उसके इलाज के बारे में लोगों को बारीकी से समझाया। बताया कि इलाज के लिये आने वाले मरीज का मुफ्त कैंसर स्क्रीनिंग के साथ परामर्श भी दिया जायेगा। इस मौके पर डॉ विजय कुमार, डॉ सरश संचय, डॉ पूजा पल्लवी, डॉ श्रावंती, डॉ डीके मिश्रा, डॉ मनप्रीत आदि मौजूद थे।

# चुनौतियों के गर्भ से चिकित्सक का हुआ जन्म : अविनाश देव



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र मूलतः गढ़वा के निवासी रोशन सोनी 2014 में पासआउट हैं। बोकारो से इंटर साइंस और कोटा से मेडिकल इंट्रेंस निकाल कर सरहद पार के देश यूक्रेन में दाखिला लिया। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर स्वदेश लौटे और आते ही सबसे पहले गुरु के पांव छुआ। मिठाई खिलाया और अपनी आप बीती बताई। रोशन सोनी ने संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव को बताया कि यूक्रेन में उसका कोई नहीं था। शुरूआती सत्र में शानदार सफलता मिली। साहस के साथ रहा। मेडिकल की पढ़ाई में मन लगता रहा। अचानक खबर आयी की रुस-यूक्रेन में जंग शुरू हो गयी है। जिससे हिम्मत हार गयी और भारत के लिए हवाई जहाज पकड़ लिया। यहां आकर गढ़वा अपने मित्रों के साथ समय बीतने लगा। कुछ ही वक्त गुजरा था कि हमें असफलता का एहसास होने लगा। इसके बाद जान जोखिम में डालकर बमों की गड़गड़ाहट के बीच वापस यूक्रेन की धरती पर उतरा। पुनः कॉलेज ज्वाइन किया और संत मरियम विद्यालय के हॉस्टल में मिले संस्कार शिष्टाचार और मोटिवेशन, हिम्मत को काम लाया। अविनाश भैया की बातें जीवन में आज सूत्र की तरह काम आ रही है। भारत के इंटर्नशिप इम्तिहान पास कर आज डॉक्टर रोशन आपके सामने है। कहा कि मेहनत, संघर्ष और साफ दृष्टि ही सफलता के मुकाम तक पहुंचा सकता है। वहीं, अविनाश देव ने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए संत मरियम विद्यालय हमेशा तत्पर है। हमारी कोशिश है बच्चे हर क्षेत्र में सफलता के परचम लहराएं।

# शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, की गयी पूजा-अर्चना



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर महावीर चौक स्थित शिव मंदिर अजगर धाम पहाड़ रानी पहाड़ सहित शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान सभी भक्त भगवान बोलेनाथ पर जलाभिषेक कर अपना-परिवार और समाज के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर अजगर नाथ देव धाम, चमरूवा पहाड़, रानी पहाड़ सहित कई जगहों पर मेला सह दुगोला का आयोजन किया गया। चमार हुआ पहाड़ पर आयोजित मेला शह दुगोला का उद्घाटन बोहिता मुखिया कलावती देवी और अजगर धाम पहाड़ पर आयोजित मेला शाह दुगोला का मुखिया पति कमलेश प्रसाद ने किया। इस अवसर पर मुखिया कलावती देवी ने कहा कि आज के दिन भगवान भोनेलाथ का जलाभिषेक करने से उनकी कृपा बरसती है। वहीं, कमलेश प्रसाद ने कहा कि महादेव के बिना एक पत्ता भी नहीं हिल सकता। महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस मौके पर मनोज भूईयां, रंगबहादुर सिंह, कृष्ण सिंह, लाल बिहारी साव, शिव सिंह और श्रवण सिंह आदि मौजूद थे।

## डीसी की पहल पर कैंप कार्यालय से लाभान्वित होंगे आमजन

# हुसैनाबाद में कैंप कार्यालय 27 को, आमजन उठायें लाभ

- विभिन्न विभागीय कार्यो का होगा निष्पादन, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मिलेगा त्वरित लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता



पलामू डीसी शशि रंजन।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन की टीम 27 फरवरी को हुसैनाबाद पहुंचेगी। जिसके अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का आयोजन कर पदाधिकारी एवं विभिन्न कार्यालयों के कर्मी आमलोगों की समस्याएं सुनेंगे एवं उसका त्वरित समाधान करेंगे। कैंप कार्यालय में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ भी लोगों को दिया जाएगा। यहां आमलोगों के लिए कई सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। उक्त बातें डीसी शशि रंजन ने कही। अनुमंडल स्तर पर आयोजित कैंप कार्यालय अधिष्ठापन के संबंध में उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का आयोजन किया जाएगा। वहीं चौथे गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय अधिष्ठापित होगा। फरवरी महीने में चौथा गुरुवार 27 फरवरी को है। ऐसे में निर्धारित कैलेंडर के अनुसार हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में 11 बजे से कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन कर लोगों को सेवाएं प्रदान की जाएगी। डीसी ने लोगों से अपील की कि संबंधित कैंप कार्यालय में पहुंचकर किसी भी सरकारी योजना का लाभ, शिकायत या समस्या का समाधान कराएं। उन्होंने स्थानीय लोगों से कैंप कार्यालय में उपस्थित होकर अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की है। बताया कि अनुमंडल स्तर पर आयोजित कैंप कार्यालय में कई सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें मुख्य रूप से परियोजनाओं एवं योजनाओं की भूमि चिन्हित, हस्तकत एवं विवाद समाधान किया जाएगा। वहीं वन भूमि के बदले अन्य भूमि/सरकारी भूमि स्थानांतरण, बिजली बिल संबंधी शिकायतों का समाधान, पेयजल समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वहीं इससे संबंधित शिकायतों का त्वरित निष्पादन कर आमजनों को सरकार की योजनाओं से अच्छादित करने का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सर्जन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभ प्रदान किया जाएगा। विदित हो कि पलामू डीसी शशि रंजन की पहल पर वर्तमान में कैंप कार्यालय अधिष्ठापित किये जाने की परिकल्पना की गई है। इसके माध्यम से आमजनों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके नजदीकी अनुमंडल में ही मिलेगा। अनुमंडल स्तर पर इसकी व्यापक तैयारी की गई है। इसमें सभी जिला स्तरीय, संबंधित अनुमंडल स्तरीय तथा संबंधित अनुमंडल के सभी प्रखंड स्तरीय, असैनिक एवं तकनीकी पदाधिकारी कैंप कार्यालय में उपस्थित होकर अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यो का निष्पादन करेंगे।

# महाशिवरात्रि अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला त्योहार : बीके नीरज



## ईश्वरीय विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सद्भावना भवन में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। बीके नीरज ने परमात्मा शिव के दिव्य कर्तव्य को याद दिलाते हुए कहा कि शिव आत्माओं के परमपिता हैं। सभी को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। कलयुग के अंतिम चरण में जब मनुष्य धर्म और कर्म भ्रष्ट होकर तुच्छ बुद्धि बन जाता है। तब परमात्मा शिव संसार के कल्याण के लिए सभी मनुष्यों को दुख-दर्द, अशांति एवं विकारों के चुंगल से छुडा कर ज्ञान की ज्योति और पवित्रता की किरण बिखेर कर सुख- शांति, आनंद, संपन्नता, मनुष्य में देवता की पुनः स्थापना करते हैं। परमात्मा शिव के दिव्य और अलौकिक जन्म की पुनीत स्मृति में ही महाशिवरात्रि त्योहार मनाया जाता है। उधर, कार्यक्रम से पूर्व सेवा केंद्र पर शिव ध्वज फहराया गया। शिवध्वज के नीचे बीके भाई-बहनों ने संकल्प लिया कि जीवन में बुराइयों को छोड़ अच्छाई के मार्ग पर चलेंगे। नकारात्मकता को छोड़ सकारात्मक सोच रखेंगे। इस मौके पर बीके धीरज, बीके रामनरेश, बीके मनोज भगत, आनंद किशोर, बीके कृष्णा, बीके शोभा माता, कुसुम माता, शकुंतला माता आदि मौजूद थे। इस अवसर पर द्वादश ज्योति लिंग का दर्शन आकर्षण का केंद्र रहा।

# हुसैनाबाद के आशुतोष धाम से निकली भव्य शिव बारात



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि त्योहार के अवसर पर बुधवार को जपला रेलवे परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर प्रबंधन की ओर से भव्य शिव बारात की झांकी निकाली गई। बैंड बाजा की धुन पर नाचते गाते भक्तो की भीड़ शिव बाराती बनी। जिसकी शुरूआत मंदिर परिसर से पंडित शंभु पाठक ने बैदिक मंत्रोचारण के साथ कराया। शिव बारात मंदिर परिसर से शुरू होकर जेपी चौक होते हुए मुख्य बाजार का भ्रमण किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शिव बारातियों का स्वागत किय। बरात में भगवान शिव, माता पार्वती सहित अन्य देवी-देवताओं की झांकियां निकाली गईं। हर-हर महादेव के जयघोष और भक्तिगीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। शिव मंत्रों और गीतों की धुन पर श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ा रहे थे। पूरा हुसैनाबाद क्षेत्र हर हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। इस मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा, सब इंस्पेक्टर कार्तिक बिंझा, जेपी प्रसाद, युगेश प्रसाद यादव, समाजसेवी राजेश्वर सिंह, रवि यादव, संतोष ठाकुर, छोटेलाल गुप्ता, राकेश कुमार, संजय सिंह, मिथिलेश कुमार, सुनील राय, अरुण कुमार और नरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## पर्यावरणविद ने स्व. विमला बहुगुणा के आवास देहरादून में लगाया चंदन का पौधा

# पद्मविभूषित स्व सुंदरलाल बहुगुणा जी के साथ काम करने का मिला था सुनहरा अवसरः डॉ कौशल किशोर

- चिपको मूवमेंट के दौरान डॉ कौशल के घर दो बार पलामू पहुंचे थे प्रख्यात पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा और उनकी पत्नी विमल बहुगुणा
- टिहरी से शुरू चिपको आंदोलन के दौरान देश के दर्जनों राज्यों में विमला बहुगुणा के साथ में रहे थे पर्यावरणविद

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने देश के महान पर्यावरण चिंतक एवं चिपको आंदोलन के प्रमुख नेता रहे प्रख्यात पर्यावरणविद पद्मविभूषित स्व सुंदरलाल बहुगुणा जी की पत्नी विमल बहुगुणा के श्राद्ध में उनके निवास उत्तराखंड के देहरादून स्थित आवास पर उनके नाम से कर्नाटक के लाल चंदन का पौधा लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ कौशल ने उनके संघर्ष के दिनों को याद करते कहा कि सुंदरलाल बहुगुणा भारत के एक महान पर्यावरण-चिंतक एवं चिपको आंदोलन के प्रमुख नेता थे। उन्होंने हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में वनों के संरक्षण के लिए आजीवन संघर्ष किया। इस कार्य में उनकी पत्नी विमल बहुगुणा ने जीवन भर साथ दिया। उन्होंने कर्नाटक के पांडुरंग हेगड़े, रामकृष्ण हेगड़े, चंद्रशेखर, धूम सिंह नेगी अमेरिका के जॉर्ज ए जेम्स, नेपाल के सरोज शर्मा भी उनके अंदोलन से जुड़ी हुईं थीं। 1970 के दशक में पहले वे चिपको आंदोलन से जुड़े और 1980 से 2004 तक के दशक में टिहरी बांध के निर्माण के विरुद्ध आंदोलन से जुड़े रहे। बहुगुणा जी भारत के आरंभिक पर्यावरण प्रेमियों में से एक थे। कहा कि पलामू प्रवास के दौरान बहुगुणा जी ने उनके निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण कार्यक्रम का ना सिर्फ हिस्सा बने थे, बल्कि उन्होंने लावारिस सेवा केंद्र और पानी पंचायत के केंद्रीय कार्यालय का भी शुभारंभ किया था। डॉ कौशल ने कहा कि बहुगुणा जी के साथ 1977 में टिहरी के चामा, चमोली के चिपको मूवमेंट से कर्नाटक के अप्पिको आंदोलन समेत देश-विदेश के दर्जनों प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला था। उन्होंने उपस्थित लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मत्रों की पालन करने की शपथ दिलाया। वहीं, श्रद्धांजिल देने वालों में स्व विमला बहुगुणा जी के पुत्र प्रदीप बहुगुणा, राजू नयन बहुगुणा, गिरीश बहुगुणा, पुत्री डॉ मधु पाठक, दामाद डीपी नोनियाल, बहू डॉ मंजू बहुगुणा, रंजीत बहुगुणा, मनजीत रावत, बीनिउनियाल राज्य मंत्री उत्तराखंड, विधायक किशोर उपाध्याय टिहरी गढ़वाल, उमेश शर्मा विधायक रायपुर, ममता चमोली, सुनीता जोशी, डॉ डीपी नोनियाल, पंडित मोहन, सूरज, नौटियाल और सूरज जायसवाल आदि शामिल थे।

# महाशिवरात्रि भगवान शिव-माता पार्वती के मिलन का प्रतीक है : राजेश रंजन



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी के प्रसिद्ध राहेवीर पहाड़ी शिव मंदिर में इस वर्ष भी महाशिवराजी धूमधाम से मनाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारा कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी राजेश रंजन, समाजसेवी प्रिंस सिंह, बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, सीओ राजकुंवर सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव और पारसनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी राजेश रंजन ने कहा कि महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का प्रतिक है। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवाजी ने वैराग्य का त्याग कर गृहस्थ जीवन मे प्रवेश किया और माता पार्वती से विवाह किया। वहीं, राहेवीर पहाड़ी मंदिर में सुबह से ही श्रधांलुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालू भक्ति भाव के साथ बेलपत्र, धतूरा, भांग, पुष्प, फल से भगवान शिव की पूजा की और दूध-जल से अभिषेक किया। वहीं, शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष प्रेमचंद सिंह, सुभाष सिंह, मिठू गुप्ता, कपिलदेव सिंह, भाजपा नेत्री मंजुलता दूबे आदि उपस्थित थे।

# श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हुए। सामूहिक रूप से पूजा अर्चना, जलाभिषेक और आरती की गयी। इसके अलावा अघोरेश्वर मलंग संवाद पुस्तक का पाठ किया गया। इसके बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें पारंपरिक होली के गीतों के साथ लोगों ने भरपूर रंगोत्सव मनाया। संध्या आरती के बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इसे सफल बनाने में जयराम मिश्रा, राधेश्याम मिश्रा, रामलखन पांडेय, हलकनी राम, श्रीकांत मिश्रा, शैलेंद्र बकसराय, रश्मि राय, सकुंतला देवी, प्रेमलता देवी, श्रीजा कुमारी, चंद्रदेव साव, साहेब राम, जवाहिर साव, सरयू पांडेय, सत्येंद्र कुमार मिश्रा, संजीत कुमार मिश्रा, आकाश कुमार, बिनोद पांडेय, अंशराज, रूपेश कुमार, राजू राम, रामनाथ साव आदि का अहम योगदान रहा।

# एसडीओ ने किया महाकालेश्वर धाम में शिवरात्रि मेले का शुभारंभ



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में महाशिवरात्रि के अवसर पर लंगर कोट गांव स्थित महाकालेश्वर शिवधाम, कुमीर्पुर के प्रभुआ पहाड़ पर जपला रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम, देवरी कला, बराही धाम, दंगवार शिव मंदिर समेत क्षेत्र के कई अन्य शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। भक्तों ने भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना की। लंगरकोट गांव मुरली पहाड़ी स्थित महाकालेश्वर धाम में महंत विनय त्यागी के नेतृत्व में मेला का भी आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, रामचंद्र चौधरी आदि ने किया।

# तरोचट्टी में धूमधाम से मना महाशिवरात्रि पर्व



**गोमिया/चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि त्योहार गोमिया प्रंखड के चतरोचट्टी के विभिन्न गांवों में धूमधाम से मनाया गया। सभी शिवालयों में अभिषेक, पूजन अर्चन किया गया। कई जगहों पर सुबह से ही पूजा शुरू हो गया, जो देर शाम तक चलता रहा। मंदिरों में भगवान का विवाहोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रातभर वैवाहिक रस्में निभाई गई। बडकीसीधावारा पंचायत के खंखडो में स्थित धावला शाक्तिधाम नावाडीह, चडरी धाम में शाम से ही भगवान को जल अर्पण करने वालों की भीड़ उमड़ने लगी थी। पूजा के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। छोटकीसिधावारा में शिवरात्रि पर मेला भी लगा। जिसमें महिलाओं, युवतियों, बच्चों ने जमकर खरीदारी की। शिवरात्रि पर कई जगहों पर भगवान की भव्य बारात निकाली गई। जिसमें भगवान शिव की झांकी शोभायमान हो रही थी। वहीं, भगवान शंकर, माता पार्वती और भगवान श्रीकृष्ण राधा की जीवंत झांकी सजाई गई थी। कई जगहों पर डीजे की धुन पर युवा थिरकते चल रहे थे। वहीं, बारात का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। चतरोचट्टी और हुरलुंग में भगवान की आरती की गई। बारातियों को फल, मिठाई के साथ पेजयल वितरित किया गया। रात में भगवान की महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के सातों बडकीसीधावारा, चतरोचट्टी, हुरलुंग, बडकीचिदरी, कर्री, लोधी और चुट्टे पंचायत के विभिन्न गांवों में स्थित शिवालय सहित अन्य शिवालयों में सुबह से ही पूजन अर्चन शुरू हो गया।

### कांग्रेस नेता शहजादा अनवर के प्रेस कांफ्रेंस पर आजसू जिलाध्यक्ष का तीखा प्रहार

# अपने गिरेबान में झांकें शहजादा अनवर, भाई के प्रकरण पर भी मुंह खोलें: दिलीप दांगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** कांग्रेस नेता शहजादा अनवर के प्रेस कांफ्रेंस पर आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि शहजादा अनवर सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए लोकप्रिय सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पर व्यक्तिगत टिप्पणी कर रहे हैं। श्री दांगी ने कहा कि शहजादा अनवर दूसरे के ऊपर टिप्पणी करने से पहले अपने गिरेबान में झांके। उसके बाद ही किसी के ऊपर झींटाकसी करे। उन्होंने कहा कि जिसका भाई 90 के दशक में होटल में रंगरेलियां मनाते पकड़ा जाये। उसका भाई समाज में ज्ञान बांट रहा है।

**आजसू जिलाध्यक्ष के निशाने पर रहे रामगढ़ विधायक और शहजादा:** उन्होंने कहा कि रामगढ़ की विधायक कुंभकरनी नींद में सोई पड़ी है। पीड़ित परिवार से मिलने तक का समय नहीं है। विधायक की तुष्टिकरण की नीति साफ झलकती है। उनके एक नेता का क्या नाम है हां शहजाद जी हैं। उन्हें भ्रम फैलाना, नफरत फैलाना, जिनका हमेशा उद्देश्य रहा है। जनता के बीच चुनावी मैदान में एक बार नहीं दो बार आए उनके नफरती बयान अलगाव वाद की राजनीति के कारण दोनों बार बड़े अंतर से चुनाव हारे।

**शहजादा अनवर के संरक्षण में हो रही है गौ हत्या :** दिलीप दांगी ने कहा कि शहजादा अनवर के अपने गृह पंचायत में उनके नाक के नीचे उनके संरक्षण में दर्जनों स्थान पर गौ हत्या हो रही है। इस पर कितनी बार प्रेस कांफ्रेंस की। इस पर भी उनका चर्चा करना चाहिए।

**भुचुंगडीह में आदिवासी लड़की के साथ बलात्कार हुआ, क्यों चुप है शहजादा अनवर :** भुचुंगडीह में आदिवासी लड़की के साथ बलात्कार भुचुंगडीह निवासी कोई रहमान नामक व्यक्ति के द्वारा किया गया। उसपर शहजादा अनवर की चुप्पी, पीसी में उस पर चर्चा ना करना उस लड़की के लिए आवाज बुलंद कब करेंगे। सरस्वती पूजा रामनवमी जैसे पवित्र पूजा की झांकियां पर मुस्लिम समाज द्वारा पथराव लाठी डंडे के साथ साड़म गांव, बेटुल, गोला के सो सो चितरपुर, कुंदरु कितनी जगह का उदाहरण प्रस्तुत करे। प्रेस कांफ्रेंस में केंद्रीय सदस्य हेमलाल महतो, जिला सचिव लालचंद महतो, प्रधान सचिव अनुज तिवारी, महेश करमाली, हरिरतनम साहू, भोपाली साव, नीतीश निराला, करण कुमार, रोहित सोनी, नीरज मंडल, उत्तम पासवान, संजय बनारसी आदि उपस्थित थे।

#### राज्य सरकार और प्रशासन पर जमकर बोला हमला

श्री दांगी ने चितरपुर की घटना पर कहा कि जब से ये सरकार आई है इस प्रकार की घटना आम हो गयी है। सरकार के द्वारा एक समाज की लगातार अनदेखी और एक समाज की तुष्टीकरण वोट बैंक की राजनीति कर रही है। इस प्रकार के मामले में सरकार के साथ-साथ सरकार के दबाव में प्रशासनिक तंत्र भी कहीं ना कहीं पीड़ित परिवार के विरोध में और डराने धमकाने का काम कर रहा है। सरकार में शामिल पार्टी और पार्टी के नेताओं के बेतुका बयानबाजी भी सोशल मीडिया में देखने को मिली है।

#### दीपक महतो प्रकरण का भी किया जिक्र

श्री दांगी ने दीपक महतो प्रकरण पर शहजाद अनवर के बयान पर कहा कि उनका बयान समझ से परे है। चंद्रप्रकाश चौधरी ने कभी भी दीपक महतो या उस केस से जुड़े लोगों का समर्थन नहीं किया। उस समय वह केवल विधायक नहीं थे। बल्कि वह कैबिनेट मंत्री भी थे। पीड़ित परिवार के साथ उनकी पूरी सहानुभूति थी। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई कर सभी अभियुक्तियों को जेल भी भेजा था। जिसमें लगभग 2 वर्षों तक अभियुक्त जेल में थे। इसमें चंद्र प्रकाश चौधरी ने अभियुक्तियों की कहां पे सहायता किया था। इसपर उनको जबाव देना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायालय पर विश्वास और संवैधानिक संस्थान द्वारा लिए गए निर्णय पर उंगली उठाना यह कांग्रेस की परंपरा रही है। न्यायालय के निर्णय को शहजादा को अध्ययन करना चाहिए।

### पुलिस को दिया गया अल्टीमेटम खत्म

# आज से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे सांसद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गोला।** गोला के सोसो कलां गांव में मां सरस्वती मूर्ति विसर्जन के दौरान पथराव मामले में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल आज से डाकबांग्ला परिसर में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे। सांसद के साथ सैकड़ों की संख्या में गांव के लोग और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इसकी तैयारी पूरी हो गयी है। सांसद ने राज्य सरकार के तुष्टिकरण की राजनीति पर सवाल करते हुए और पुलिस प्रशासन की इस घटना में कार्यशैली को देखते हुए उन्हें इस घटना में संलिप्त आरोपीयों को पंद्रह दिनों के भीतर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। लेकिन पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही। बता दें सोसो कलां गांव में तीन फरवरी को मां सरस्वती प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान दो समुदाय के बीच रास्ता को लेकर विवाद हो गया था। ग्रामीण मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन जुलूस लेकर निकले थे। जिसमें ज्यादातर संख्या में महिलाएं और छोटी बच्चियां उपस्थित थी।जुलूस मां सरस्वती की प्रतिमा को रिक्शे पर लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ रही थी। अचानक एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा विरोध जताते हुए रास्ते से नहीं जायेगा कहकर विसर्जन जुलूस को रोकने का प्रयास किया जाने लगा। जिसके बाद विवाद बढ़ा और समुदाय विशेष के लोगों द्वारा जुलूस में शामिल महिलाओं और लड़कियों पर हिंसक हमला कर दिया गया। इस हमले में कई श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इस मामले पर पुलिस ने एक विशेष समुदाय के छबिस लोगों पर मामला दर्ज किया है। जबकि दूसरे समुदाय के सतरह लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को और एक समुदाय विशेष के लोगों द्वारा लगातार क्षेत्र में घट रही घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने हिंदुओं के साथ को रहे अन्याय के खिलाफ प्रमुखता से अपनी बातों को सदन में रखा है।

## राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रतापपुर



**चतरा (आजाद सिपाही)।** राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता एक दिवसीय दौरे पर चतरा विधानसभा क्षेत्र के प्रतापपुर प्रखंड पहुंचे। इस दौरान भोगता प्रखंड क्षेत्र के भरही पंचायत के ग्राम राजपुर में पावन पवित्र शिवरात्रि पूजा के पावन अवसर पर श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का आयोजित आठवां वार्षिक महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान भोगता ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को शिवरात्रि पूजा की बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। उक्त कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, पूर्व मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ नेता अतीक मंसूरी, प्रखंड अध्यक्ष खेदू यादव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सूर्यदेव यादव, युवा नेता जितेंद्र सार्थक, प्रदीप यादव, विशाल यदुवंशी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## टूटी झरना मंदिर में पूजा के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**कुजू (आजाद सिपाही)।** चमत्कारिक और प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना की लिए पहुंचे। इस दौरान सुबह अहले सुबह से देर शाम तक घंटों लाइन में खड़ा रहे। साथ ही अपने हाथों में पूजा की डलिया लिए महिला पुरुष श्रद्धालु हर हर महादेव के जाप के साथ गर्भ गृह में स्थापित शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इधर भीड़ अनियंत्रित न हो इसके लिए कुजू पुलिस के अधिकारी सशस्त्र बल और मंदिर समिति के लोग लगे हुए थे। उन्हें बेरीकेडिंग के सहयोग से बारी–बारी से पूजा अर्चना को लेकर मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा था। वहीं क्षेत्र के दिगवार दिग्जनेश्वर मंदिर, सांडी, बोंगावार सेवटा, पोचरा गिरी मुहल्ला, करमा, रवते, लोहसिंघना, कपरफुटवा समेत अन्य शिवालयों में पूजा अर्चना धूमधाम से की गयी। जबकि कई स्थानों में शिवरात्रि को लेकर भजन कीर्तन, अखंड हरिकीर्तन आयोजित किया गया।

# महाशिवरात्रि पर बाबा टांगीनाथ धाम में उमड़े भक्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डुमरी।** जिले के डुमरी प्रखंड के मझगांव पंचायत स्थित तीर्थ स्थल बाबा टांगीनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर लाखों श्रद्धालुओ अहले सुबह से ही कतारवद खड़े होकर बाबा टांगीनाथ धाम में जलाभिषेक किया। वही समिति की ओर से सुबह 4 बजे से ही बाबा टांगीनाथ धाम का मुख्य द्वारा पूजा अर्चना हेतु श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया था। पूरा मंदिर परिसर टांगीनाथ बाबा की जय, हर हर महादेव, जय श्री राम नारो से गूंजमय रहा धाम में छत्तीसगढ़, बिहार उड़ीसा सहित झारखंड के अन्य जगहों से भरी संख्या में भक्त बाबा टांगीनाथ धाम पहुंचे मुख्य मंदिर, देवी मंदिर में भीड़ कंट्रोल हेतु बेटेक्टिंग की इंतजाम की गयी थी। काफी संख्या में महिला-पुरुष, बचे, बुजुर्ग महिला -पुरुष धाम स्थल पहुंच कर पूजा अर्चना की। मेले और मंदिर परिसर में समिति के बोलेंटियर्स उपस्थित थे महाशिवरात्रि मेले के रात्रि में समिती के द्वारा शिव बरात भी निकली गयी। मेला अच्छे तरह से संपन्न हो इसे लेकर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, सर्किल इंस्पेक्टर महेन्द्र करमाली, प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वानसी, अंचल पदाधिकारी रामप्रवेश कुमार, थाना डुमरी प्रभारी अनुज कुमार, एसआइ मनोज कुमार, 32 वीं वाहिनी सहस्त्र सीमा बल एसएसबी के जवान, समिति के ब्रजेंद्र गोपाल पांडे, बीरेंद्र जयसवाल, गोविन्द खेरवार, अरविंद सिंह, उमेश ताम्रकार, नीतीश कुमार केशरी, प्रदीप प्रसाद, संतोष भगत, हेमंत ताम्रकार, विकाश शर्मा, रामप्रसाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थिति थे।

## धोधरा महादेव मंदिर में लगा मेला, नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम सह भंडारा का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शिव उपासना का महापर्व महाशिवरात्रि का पर्व पूरे राज्य में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुमला जिले के धोधरा महादेव मंदिर में भी शिव भक्तों के लिए मेला सह नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जहां हजारों शिव भक्तों ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक और भंडारे का प्रसाद किया ग्रहण।

धोधरा महादेव मंदिर के महाशिवरात्रि पूजा सह संचालन समिति के युवा अध्यक्ष शिव सिंह ने बताया कि दशकों पूर्व से यहां महाशिवरात्रि पर पूजा सह मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें इस बार नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया। शिव सिंह ने बताया कि शिव भक्तों का सैलाब प्रातः से ही उमड़ने लगा था जो दिन चढ़ने के साथ साथ बढ़ता बढ़ता चला गया और शिव भक्तों के जयकारे से पूरा परिवेश शिवमय हो उठा। मंदिर के पुजारी रामाशीष ने बताया कि महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिवाल का रंग-रोगन कराकर फूल पत्तियों से सजाया गया और शिव भक्तों के लिए पूजा अर्चना की विशेष व्यवस्था की गयी। जहां शिव भक्त महिला, पुरुषों सभी शिवलिंग पर बेल-पत्र, धतूरा, भांग, कच्चा दूध, फल व शहद से भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किये। शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना एवं आरती कर सूख शांति व समृद्धि की प्रार्थना भगवान शिव से किया।

# बिशुनपुर विकास भारती ने निकाली शिव बारात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** शिवरात्रि के अवसर पर विकास भारती के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव बरात का आयोजन किया गया। जो विकास भारती परिसर से निकलकर शिवालय मंदिर होते हुए थाना परिसर स्थित मंदिर पहुंचा बबरात में भूत पिशाच का रूप धारण किए छोटे-छोटे बच्चे कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। वही जीवंत शिव, माता पार्वती गणेश, भगवान कार्तिकेय को देखकर भक्त काफी खुश नजर आए क गाजा बाजा के साथ निकली शिव की बारात में भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा नाचते झूमते थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में शिव पार्वती का विवाह में भाग लिया। इधर थाना परिसर में थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अन्य पुलिस बल के सहयोग से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जहां बारात में शामिल लोगों ने खीर पुरी सहित अन्य सुस्वादिष्ट पकवान का लूफत उठाया इस मौके पर महेंद्र भगत थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस के जवान एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र में महाशिवरात्री के मौके पर बुधवार को प्राचीन शिवमंदिर पहाड़गांव आमटोली,वटेश्वर शिवमंदिर जरिया और प्राचीन शिवमंदिर बानपुर में जलाभिषेक व पूजा–अर्चना को लेकर दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं पहाड़गांव आमटोली के प्राचीन शिवमंदिर में बुधवार की सुबह में लगभग आठ बजे के आसपास श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा कलशयात्रा निकाला गया।जल का उठाव स्थानीय गुप्त गंगा से करने के पश्चात प्राचीन शिवमंदिर में पुरोहित के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ जलाभिषेक किया गया। इसी के साथ जलाभिषेक व पूजा अर्चना को लेकर दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इसके अलावे 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन भी शुरू हो गयी है। जिसका समापन गुरुवार को पूणार्हुति के साथ संपन्न होगी। वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिये लंगर की व्यवस्था की गयी। इसके अलावे मंदिर परिसर के बाहर मेला का भी आयोजन किया गया। मेला समिति के अध्यक्ष मन्ना सिंह ने बताया कि गुरुवार को नागपुरी भक्ति भजन का कार्यक्रम भी आयोजित की गयी है। इधर प्राचीन शिवमंदिर बानपुर और वटेश्वर शिवधाम जरिया में जलाभिषेक व पूजा अर्चना को लेकर दिनभर श्रद्धालुओं आना–जाना लगा रहा। इसी के साथ उक्त दोनों स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिये लंगर की व्यवस्था की गयी थी।

## चपका बजरंगबली शिव मंदिर समिति ने वार्षिक उत्सव पर निकाली कलश यात्रा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** शिवरात्रि के अवसर पर चपका बजरंगबली शिव मंदिर समिति द्वारा मंदिर के वार्षिक उत्सव पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर चांदनी चौक थाना चौक नेतरहाट रोड होते हुए बाबा धाम स्थित नदी पहुंचे। जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्र कर के साथ कलश में जल भरी कराई गई। इसके उपरांत कलश यात्रा चपका मंदिर परिसर पहुंचा। जहां भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक और पूजन पाठ हुआ। कलश यात्रा में बोल बम हर हर महादेव के गगन भेदी से पुरा वातावरण भक्तिमय हो गया। वही पूजा समिति के सदस्यों ने कहा कि पूजन पाठ के उपरांत शाम में आरती और भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वह अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील भी की गयी। वही दूसरा कलश यात्रा महाशिवरात्रि पूजा समिति आदर भंडार टोली द्वारा निकाला गया। कलश यात्रा शिव मंदिर आदर से शुरू हुई जहां सैकड़ों महिलाएं बच्चियां शामिल कलश लेकर देवाकी डैम तक पहुंचा। कलश में जलभरी के उपरांत पुनः मंदिर परिसर पहुंची। मौके पर कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सिरकोट शिव मंदिर के पास सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** सिरकोट शिव मंदिर टंगरा के समीप सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया फिरंगी उरांव, समाज सेवी धनकुंवर साहू, कृष्ण मोहन सिंह अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कलाकारों द्वारा भक्ति, नागपुरी गीतों पर नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाज समाजसेवी धनकुंवर साहू ने कहा कि शिवरात्रि पूजा पर आयोजित कार्यक्रम प्रत्येक साल के भाती इस साल भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी आनंदपूर्वक कार्यक्रम का लाभ उठाएं। भगवान भोलेनाथ की कृपा सब पर बनी रहे। मौके पर मड़वाड़ी साहू, गुलाब पाठक, रोहित साहू, रामविलास साहू, लखन साहू, केदार साहू, फगुआ मुंडा, मनोहर सिंह, रामविलास साहू, राहुल सिंह, सुरेंद्र महली सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पुलिस रिमांड में विकास तिवारी से स्पेशल ब्रांच की पूछताछ

# निशि पांडेय का गिरोह से नहीं है कोई वास्ता, राजनीतिक क्षेत्र में है सक्रिय

**विकास तिवारी ने लिए कुछ पत्रकारों के नाम, आ सकते है जांच के दायरे में!**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** पांडे गिरोह के मुख्य सरगना विकास तिवारी के 48 घंटे का रिमांड पूरा हो गया है। उसे एक बार फिर हजारीबाग जेल भेज दिया गया है। लेकिन दो दिनों तक चली पूछताछ में उसने कई खुलासे किए हैं। सबसे बड़ी बात उसने यह कही है कि निशि पांडे शुद्ध रूप से राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय है। उन्हें गिरोह से कोई सरोकार नहीं है। यहां तक की उनके पास कोई भी गलत तरीके से आमदनी भी नहीं पहुंचती है। विकास तिवारी ने निशांत सिंह की भूमिका पर भी पुलिस को अपना बयान दिया है। उसने अपनी तरफ से उन दोनों को क्लीन चीट देने की कोशिश की है। पूछताछ के दौरान विकास तिवारी के बयान को कलम बंद किया जा रहा था। लेकिन उसने किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। पूरी जानकारी पुलिस सूत्रों ने दी है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि विकास तिवारी ने पूछताछ में बताया कि पतरातू प्रखंड के बहुत से पत्रकार मेरे संपर्क में है। जिसके बाद पुलिस मामले को गंभीरता से लिया है। पुलिस पत्रकार और गिरोह के सांठगांठ के भूमिका की जांच कर सकती है। जिसमें कई वरिष्ठ पत्रकार जांच के दायरे में आ सकते है।

**पलामू डबल मर्डर केस में स्वीकारी संलिप्तः** पुलिस सूत्रों के अनुसार विकास तिवारी ने पलामू डबल मर्डर केस में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसने बताया है कि पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गरदा गांव में दीपक साहू और भरत पांडे छुप कर रह रहे थे। उन दोनों का सांठ-गांठ अमन श्रीवास्तव गिरोह से हो गया था। इसके अलावा वे पांडे गिरोह के खिलाफ गतिविधियों में शामिल थे।

#### विकास तिवारी ने खोले गिरोह के कई राज

पांडे गिरोह के मुख्य सरगना विकास तिवारी से रिमांड के दौरान स्पेशल ब्रांच, एटीएस और रामगढ़ पुलिस के द्वारा पूछताछ की गयी। इस दौरान उसने गिरोह से जुड़े कई राज खोले हैं। उसने उन लोगों के नाम बताएं हैं, जो उनके संगठन के लिए काम करते हैं। कौन व्यक्ति रामगढ़ शहर में है? कौन पतरातू में और कौन किस इलाके में काम कर रहा है? सारी जानकारी उसने दी है।

#### गोविंद और ओमप्रकाश को बताया अपना आदमी

सूत्र बताते है कि विकास तिवारी ने यह बताया कि जेल के अंदर से ही पूरे गिरोह की कमान उसने संभाल रखी है। रामगढ़ जेल में बंद गोविंद राय और ओमप्रकाश को उसने अपना आदमी बताया है। विकास तिवारी ने यह भी कहा है की जेल के बाहर उसके संगठन का संचालन कौन कर रहा है। पुलिस अब इन सारे बिंदुओं पर अपनी तफ्तीश कर रही है।

# तर्री शिव मंदिर में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गमला।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बुधवार की अपराह्न 4 बजे से गुमला शहर से सटे तर्री गांव के शिव मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। इससे पूर्व मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर भक्तों ने सुख समृद्धि और मनोकामना की प्रार्थना की। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालु काफी संख्या में मंदिर में भक्ति भाव से पूजा पाठ किया और क्षेत्र की सुख समृद्धि की मनोकामना की साथ ही शिवलिंग पर जलाभिषेक कर बेलपत्र फूल दूध अर्पित कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं हर हर महादेव के जय घोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थानिक ग्रामीणों ने व्यवस्था बनाए रखने में हम भूमिका निभायी। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। वही श्रद्धालु भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आये। अपराह्न 4 से 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तर्री ठुठा टोली बरटोली डीपा टोली शबरी आश्रम सहित आसपास के क्षेत्र से काफी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। वही हरे राम हरे कृष्णा के भक्तिमय बोल से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। यह अखंड हरी कीर्तन गुरुवार की शाम 4 बजे समाप्त होगा। जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## पेड़ से टकरायी बाइक, एक की मौत, दूसरा घायल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुरदरी थाना क्षेत्र के टुटवा मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर बुलेट मोटरसाइकिल सखुआ का पेड़ से जा टकराया जिससे बुलेट चालक चैनपुर निवासी समीर बड़ा 30 वर्ष की मौत हो गयी। जबकि सवार चोटोगं पाठ निवासी बिपीन असुर 28 वर्ष का दाहिना पैर टूट गया। बताया जाता है कि समीर बड़ा पिछले कुछ सालों से घाघरा में घर बना कर रह रहा था। अचानक अपने दोस्त विपिन असुर का गांव जाने के लिए वे लोग बुधवार को निकले और टूटा मोड़ के समीप बुलेट से चालक नियंत्रण खो बैठा और बुलेट सड़क किनारे सखुआ का पेड़ से जा टकराया।

रेलवे के अंडरपास निर्माणाधीन स्थल पर फायरिंग का मामला : दूसरे दिन भी तनाव

# प्रोपराइटर ने रेल प्रबंधन पर लगाया अपेक्षित सहयोग नहीं करने का आरोप

थाने में मामला दर्ज करवाकर पुलिस से निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की

## गुंडा टैक्स की वसूली को लेकर बिहार के अपराधियों का हाथ होने की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र स्थित मुरलीडीह कोल वाशरी से सटे रेलवे फाटक के समीप अंडरपास निमार्णाधीन कार्यस्थल पर गत मंगलवार की रात को बाइक सवार अपराधियों द्वारा मजदूरों पर की गई फायरिंग के बाद बुधवार को फार्म के प्रोपराइटर योगेंद्र शर्मा ने महुदा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई हैं।

उन्होंने घटना को लेकर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाओं से मजदूरों में भय का माहौल है। इससे निर्माण कार्य भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने घटना के दौरान रेल प्रबंधन से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए गंभीर चिंता व्यक्त की है। योगेंद्र शर्मा ने पीड़ित मजदूरों को लेकर बताया कि घटना के दूसरे दिन भी तकनीकी कारणवस ऑपरेशन नहीं किया जा सका है। उन्होंने बताया कि उन्हें रांची रेफर किये जाने की तैयारी की जा रही है।


प्रोपराइटर योगेंद्र शर्मा।


बदमाशों द्वारा मजदूरों के टेंट पर गोलीबारी के बाद बिखरे कामान।


जांच करने पहुंचे पुलिस के आला अधिकारी।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

इधर, महुदा पुलिस ने वारदात के बाद जांच तेज कर दी है। बुधवार को पुलिस ने पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के लालबंगला स्थित आवास में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसके अलावा अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी जुटाए हैं, ताकि वारदात में शामिल अपराधियों की पहचान की जा सके। पुलिस सूत्रों की मानें तो, कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिसकी मदद से पुलिस जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लेगी। इसके अलावे मामले की तह तक पहुंचने के लिए पुलिस हर संभव तकनीकी मदद ले रही है। सूत्र बताते हैं कि वर्तमान गोलीबारी की यह घटना बिहार के ही अपराधियों द्वारा गुंडा टैक्स की वसूली को लेकर कराया गया है। जिसके पीछे मंडल के ही ठेकेदारों का संरक्षण होने की बात सामने आ रही है। सूत्रों का यह भी मानना है कि गोलिबारी की घटना के सूत्रधार गुंडे मोकामा एवं निकटवर्ती क्षेत्र के है जो अपने गुर्गों के माध्यम से निर्दोष मजदूरों पर हमला करवाया हैं। उधर, घटना के दूसरे दिन फार्म के प्रो योगेन्द्र शर्मा ने महुदा थाना में मामला दर्ज कराते हुए उपरोक्त ठिकानों के अपराधियों जैसे अजीत सिंह, तरुण एवं राजेश आदि को नामजद आरोपी बनाया है। इस बाबत बताया जा रहा कि दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के महुदा स्थित बीजी 20 समीप श्री तिरुपति बालाजी इंटरप्राईजेज लिमिटड की ओर से अंडरपास का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसके लिए कार्यस्थल पर ही बिहार से आये मजदूर तंबू लगाकर रह रहे थे। उन लोगों पर ही मंगलवार की रात को बाईक सवार दो अपराधियों ने अंधाधूंध फायरिंग कर दी थी। इस घटना में दो मजदूरों को (एक के जांघ औ दूसरे के पेट में) गोली लगी है। घटना के बाद महुदा सहित निकटवर्ती थाना, ओपी पुलिस एवं सर्किल इंस्पेक्टर ममता कुमारी घटना स्थल पर पहुंची थी। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी भी घटना स्थल पर पहुंच कर जांय किये। इस दौरान पुलिस ने घटनास्थल से लगभग आधा दर्जन खोखा, एक मैगजीन के साथ ही अपराधियों द्वारा गुंडा टैक्स नहीं देने पर घटना को अंजाम देने की धमकी भरा फेंके गये पत्र को जब्त किया गया है।

# मुंशी का अपहरण करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार, भेजे गये जेल

- लेबी की रकम नहीं देने पर 10 जनवरी को किया गया था अगवा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया/चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना अंतर्गत चिपरी और नरकंडी के बीच कोनी नदी में बन रहे पुल निर्माण के दौरान मुंशी संजय झा का अपहरण करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक लेवी नहीं देने पर विगत 10 जनवरी को मुंशा का अपहरण कर लिया गया था। जिसकी लिखित शिकायत चतरोचट्टी थाना में की गयी थी। इस बाबत चतरोचट्टी थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा ने बताया कि 10 जनवरी को मुंशी को कार्य स्थल से पकड़कर ले जाया गया और मारपीट कर जान से मारने का धमकी भी दी गयी ती। इस मामले में लिखित शिकायत मिलते के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी थी। इसी बीच दो आरोपितों विष्णुगढ प्रखंड के गंझडी निवासी मनोज टुडू उर्फ डोमन टुडू (35) और टाटीझरिया प्रखंड के मुरकी गांव निवासी दिनेश मांझी (28) को गिरफ्तार किया गया। ये दोनों घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे।

# झामुमो नेता ने मुखिया पर लगाया विभिन्न कार्य के बाद भुगतान नहीं करने का आरोप

**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** लाभुक समिति के अध्यक्ष सह झामुमो नेता विवेक दूबे ने श्रीरामपुर पंचायत के मुखिया पर काम समाप्त होने के बाद भी भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया है। विवेक दूबे का कहना है कि तोपचांची प्रखंड के श्रीरामपुर पंचायत के दीगनगर गांव में दुबे बांध में घाट निर्माण, नया बांध में घाट निर्माण, पूरन महतो के घर के सामने जलमीनार, हरिहरपुर धीरन पांडे के घर के सामने जलमीनार और मानपुर प्राथमिक विद्यालय में जलमीनार का निर्माण आदि कार्य कराया गया है। पर योजना पूर्ण होने के बाद भी लाभुक समिति को राशि का भुगतान नहीं किया। विवेक दुबे ने बताया कि इसकी शिकायत डीसी माधवी मिश्रा और तोपचांची बीडीओ से भी की है। कहा कि जल्द ही राशि का भुगतान समिति को नहीं हुआ तो इसकी लिखित शिकायत थाना में भी की जाएगी।



# कुमार जयमंगल को धनबाद-कोडरमा का कांग्रेस संगठन प्रभारी बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**झरिया (आजाद सिपाही)।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह को धनबाद एवं कोडरमा जिला कांग्रेस का प्रभारी बनाए जाने पर बुधवार को जोड़ापोखर स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यालय में खुशी मनाई गयी। एक-दूसरे को बधाई देने के साथ ही कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संगठन नेतृत्व एवं झारखंड प्रदेश प्रभारी के राजू का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर धनबाद जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा कि विधायक कुमार जयमंगल सिंह के प्रभारी बनने से पार्टी धनबाद और कोडरमा में सशक्त होगी। उनके कुशल नेतृत्व का का लाभ दोनों जिलों के कार्यकर्ताओं को मिलेगा। कांग्रेस जमीनी स्तर पर सशक्त होकर उभरेगी।



# 'पहला कदम' स्कूल में धूमधाम से मना महाशिवरात्रि त्योहार, बच्चों ने मन मोहा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित दिव्यांग बच्चों के स्कूल पहला कदम में बुधवार को महाशिवरात्रि त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ भगवान शिव की पूजा की। भजन-कीर्तन किये और नृत्य प्रस्तुत किया। दिव्यांग बच्चों की कलात्मकता, भक्ति और प्रतिभा को देखकर हर किसी ने उनकी खूब सराहना की। इस अवसर पर सचिव अनीता अग्रवाल ने कहा कि पहला कदम स्कूल की हमेशा यह कोशिश रहती है कि इन विशेष बच्चों को समाज और संस्कृति से जोड़ा जाए। उन्हें हमारे देश के धार्मिक पर्वों की जानकारी दी जाए, जिससे उनका मानसिक और आत्मिक विकास हो सके।



# मंजूरा के मुखिया एवं मुखिया पति पर मनरेगा कूपों को बिना बनवाये पैसे हड़पने का आरोप

बैजनाथ महतो

**कसमार (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक मनरेगा योजना से सिंचाई कूप निर्माण में गरीब-मजदूरों को रोजगार और किसानों के खेतों को पानी मिलता है। पर गरीब मजदूरों को रोजगार और किसानों के खेतों को पानी दिए बिना ही योजना कार्य पूर्ण हो जाये तो इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकती है। गरीब मजदूरों की बदहाली और पानी के आस में सूखे फसलों के दुर्भाग्य की कहानी कसमार प्रखंड के मंजूरा पंचायत में लिखी जा चुकी है। जहां मनरेगा अंतर्गत कूपों को बिना बनाए ही उसके सारे पैसे वहां की मुखिया ममता कुमारी और उनके पति पूर्व मुखिया नरेश महतो मनरेगा के संबंधित अधिकारियों रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव आदि के साथ मिलकर खा गये। मामले का खुलासा स्वीकृत योजनाओं के स्थल की जांच करने पर हुआ। जिनके नाम पर कूप स्वीकृत हुई है उनके खेतों में कूप तो बने ही नहीं हैं। बल्कि उन्हें पता तक नहीं चला कि उन्हें कूप मिले भी हैं। इसके अलावे पुराने कूप नया दिखे उसे मरम्मती कर अनेकों स्वीकृत कूपों की राशि निकाल ली गई है। इसका पहला प्रमाण तो यह है कि किसी भी कूप में शिलापट्ट तक नहीं लगाया गया है। बिना कूप निर्माण के जिनके पैसे निकाले गए हैं उनमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के सुधीर कुमार महतो, सरुणा देवी, नंदू महतो, लाल बिहारी महतो महतो आदि के अलावे जिनके पुराने कूपों की मरम्मती कर नए कूपों की पैसे निकाली गई है उनमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के त्रिपुरारी महतो, लालमोहन महतो आदि शामिल हैं। यह सब फर्जीवाड़े मुखिया पति नरेश महतो के कार्यकाल से ही चलते आ रहे है। सिंचाई के लिए आस जोह रहे मंजूरा पंचायत के विभिन्न गांवों के स्वीकृत कूपों के लाभुक किसानों ने इस बाबत पूछने पर बताया कि कुआं के लिए फोटो खींचकर बहुत दिन पहले ले गए थे, लेकिन आज तक हमारा कुंआ नहीं बना है। दूसरी ओर, इस विषय पर कसमार बीडीओ नम्रता जोशी ने कहा कि मेरे संज्ञान में बात अभी आई नहीं है। अगर ऐसा हुआ है तो गलत है। मामला आने पर जांच की जाएगी। जबकि मंजूरा मुखिया ममता कुमारी से इस संबंध में बात नहीं हो पाई। मुखिया पति पूर्व मुखिया नरेश महतो ने खुद फोन कर मामले को दबाने की बात कही। जब मुखिया से बात करवाने बोला गया तो मुखिया पति नरेश महतो ने कहा कि हम ही पूरा कार्य संभाल रहे हैं।



# शिवालयों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, हर हर महादेव के जयकारों से गूंजा बेरमो कोयलांचल

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** फुसरो नगर क्षेत्र में महाशिवरात्रि बुधवार को हर्षोंउत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान आकर्षक ढंग से सजे शिवालयो में सुबह से ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी रही। हर- हर महादेव के जयकारों से क्षेत्र के शिवालय गुंजते रहे। महाशिवरात्रि पर बेरमो कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में पूरी वैदिक रीति के अनुसार भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की गयी। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के अमलो के पुराने एक्सवेशन स्थित नव निर्मित गोलपहाड़ी शांति धाम स्थित शिवालय, फुसरो, नया रोड फुसरो, पुराना वीडिओ ऑफिस, करगली बाजार, करगली गेट, सुभाष नगर, जवाहर नगर, रामनगर, मकोली सेंट्रल, मकोली, स्टेशन रोड फुसरो, ढोरी बस्ती रेहवाघाट, सोतारडीह, कदमाडीह, घुटियाटॉड, मधुकनारी, भेडमुक्का, गणेश मंदिर, तारा मंदिर सहित अंगवाली, पिछरी, चलकरी आदि क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में पूजन के लिए महिलाओं-युवतियों की काफी भीड़ उमड़ी रही। महिलाएं शिवालयों में बैठकर शिव चर्चा के साथ ही शिव भजन ढोल बाजे के साथ दिनभर गाती रही। बेरमो कोलांचल के सभी शिवालय सहित शांति धाम स्थित शिवालय में पूजा के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। दूर दराज से भक्त यहां आकर पूजा अर्चना किये। यहां पूजा करने के लिए भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। कहीं श्रद्धालुओं ने भांग धतूरा आदि के साथ जलाभिषेक किया तो कहीं दूध, दही और शहद से अभिषेक किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर कई शिवालयों में अखंड कीर्तन भी शुरू हुआ। साथ ही रात में शिव बारात निकली गयी।





### झारखंड शिव मंदिर में हुआ शिव विवाह

करगली गेट स्थित झारखंड शिव मंदिर में इस वर्ष भी पूरे उल्लास के साथ महाशिवराती का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन आयोजित हुआ। सुबह से ही श्रधालुओं का पूजा के लिए तांता लगा रहा। साथ ही शिव विवाह का आयोजन किया गया। इसमें सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के अधिकारी और कर्मचारी दर्शन करने के लिए पहुंचे। कमेटी के पंकज महतो ने बताया कि प्रति वर्ष शिवरात्रि को यहां अखंड हरि कीर्तन और शिव विवाह का भव्य आयोजन किया जाता है। इस मौके पर कमेटी के जेपी दुबे, राजकिशोर मंडल, विजय नायक, पप्पू, मंदिर के पुजारी विद्या शंकर पांडे आदि मौजूद रहे।

## भंडारीदह में दो घरों में आभूषण सहित लाखों की चोरी



**भंडारीदह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र स्थित भंडारीदह में चोरी कि घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। मंगलवार की रात को भंडारीदह स्थित लुपसाडीह आदिवासी गांव में दो अलग-अलग घरों में नगदी पांच हजार सहित लाख रुपये के जेवरात, कांसा एवं पीतल के बर्तन आदि की चोरी अहो गयी। इस बाबत चंद्रपुरा थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गयी है। जानकारी के मुताबिक चोरों ने हेठबेडा के आदिवासी गांव में गृह स्वामी संजय बास्के एवं आमटोला निवासी दिनेश महतो के घरों को निशाना बनाया। वहां से लुपसाडीह में सुखदेव सोरेन के घर एवं पत्रकार दशरथ किस्कू की दुकान में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया। पत्रकार दशरथ किस्कू के दुकान की कुंडी तोड़कर वहां से नगद दो हजार रुपये सहित सामान चोरी कर ली गयी। इसी तरह सुखदेव सोरेन के घर से बक्सा एवं आलमीरा में रखे सोना के पदक, नोज पीन, पायल चार जोडा, चांदी की शिकरी 12 पीस, कमरधनी, तागा, मोबाइल, कांसा एवं पीतल के बर्तन की चोरी कर चोर भागने में सफल रहे। सुखदेव सोरेन के घर में रात 12 बजे मनीषा देवी नामक महिला की नींद खुली तबतक चोरी हो चुकी थी। नींद से जगने के बाद उसने एक चोर को भागते हुए भी देखा। बताते चलें कि पिछले एक महीने में चोरी की दो घटना हो चुकी है। लेकिन पुलिस किसी का भी उद्भेजन नहीं कर पायी है।

# पारा शिक्षकों से किये वेतनमान के वादे को पूरा करें झारखंड सरकार: जयराम महतो

## कहा- विधानसभा में भी उठाउंगा पारा शिक्षकों की समस्याओं का मुद्दा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** तोपचांची सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल धनबाद जिला महिला अध्यक्ष डिंपल चौबे और आरती कुमारी सद्दाम के नेतृत्व में डुमरी विधायक जयराम महतो से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल निरंजन दे, सुशील पांडे, कल्याण चक्रवर्ती और संतोष कुमार महतो ने डूमरी विधायक ने मुलाकात के साथ ही सहायक अध्यापकों की समस्याओं से अवगत कराया। बतातें चलें कि झामुमो सरकार चुनाव से पहले अपने संकल्प पत्र में घोषणा की थी कि सत्ता में काबिज होने के बाद ही राज्य के 62 हजार पारा शिक्षकों को वेतनमान देना शुरू करेगी। लेकिन अब तक इसमें किसी भी प्रकार की ठोस पहल नहीं की गई। दूसरी ओर, लोगों प्रतिनिधियों की बातें सुनने के बाद विधायक जयराम महतो ने कहा कि सहायक अध्यापकों के वेतनमान की मांगे जायज है। सदन में पारा शिक्षकों के वेतनमान की मांग को उठाऊंगा। पारा शिक्षक अपने जीवन का एक लंबा सयम राज्य के विकास में लगा चुके हैं। अब पारा शिक्षकों का विकास कैसे हो सरकार को निश्चित रूप से सोचनी चाहिए। वे अल्प मानदेय में विगत 20 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। निश्चित रूप से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा राज्य के पास शिक्षकों के साथ खड़ा है।



## पूर्व विधायक ने किया बगियारी कब्रिस्तान में सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य का शिलान्यास



**कसमार (आजाद सिपाही)।** अजजा, अजा, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग मद से कसमार प्रखंड अंतर्गत टांगटोना पंचायत के बगियारी के कब्रिस्तान में सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य का शिलान्यास राज्य के पेयजल, स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद की पत्नी सह गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी ने किया। इससे पहले बबीता देवी ने कहा कि पांच वर्षो में विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। क्षेत्र के विकास में ग्रामीणों का आपेक्षित सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। इस मौके पर बगियारी कब्रिस्तान सौंदर्यीकरण के लाभुक समिति के अध्यक्ष नजमुल होदा, सचिव हसन अंसारी, कोषाध्यक्ष गुलाम खाजा के अलावा टांगटोना पंसस प्रिया देवी, सिकंदर कपरदार, गुलजार अंसारी, दिवाकर प्रमाणिक, संजय महतो, बबलू अंसारी, हसन अंसारी, कुलदीप करमाली, मिथिलेश जायसवाल, कमरूल होदा, सोहेल अंसारी, कलीम अंसारी, सनोवर अंसारी, बसंती देवी, तनवीर आलम, अलटु अंसारी, मोबिन अंसारी, शौकत अंसारी, राजेश टुडू, बेलाल अंसारी, हरजीवन महतो, हरेंद्र महतो, श्यामलाल मांझी, हराधन ठाकुर, राजाराम महतो, विशेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

# सीबीएसइ 10वीं की परीक्षा 2026 से साल में दो बार होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा ने अगले शैक्षणिक वर्ष 2025-2026 से दो बोर्ड परीक्षाओं की सिफारिश की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने के लिए सीबीएसइ ऐसे कदम उठाने जा रही है। छात्रों पर बोझ और परीक्षा के दबाव को और कम करने के लिए सीबीएसइ ऐसे कदम उठाने जा रही है। इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई। सीबीएसइ 10वीं की परीक्षा दो बार आयोजित करने की नीति बनाई जायेगी। छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक, शिक्षाविद और आम नागरिक सीबीएसइ की वेबसाइट पर लॉग इन कर 9 मार्च तक अपना फीडबैक भेज सकते हैं। सीबीएसइ की ओर से मंगलवार को जन जागरूकता के लिए एक नोटिस जारी किया गया है कि सीबीएसइ विभिन्न स्तरों से प्राप्त फीडबैक पर विचार करेगा और 10वीं कक्षा की दो बोर्ड परीक्षाओं के लिए कदम उठायेगा। शैक्षणिक वर्ष 2026 में 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का पहला चरण 17 फरवरी से छह मार्च तक आयोजित किया जायेगा। इस चरण के नतीजे 20 अप्रैल को जारी किये जायेंगे। दूसरे चरण की परीक्षा पोच मई से 20 मई तक आयोजित की जायेगी. दूसरे चरण की परीक्षा के नतीजे 30 जून तक जारी कर दिये जायेंगे। सप्लीमेंटारी परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होगी और परिणाम 15 अगस्त तक घोषित कर दिया जायेगा। इस परीक्षा के लिए 2.6 लाख 60 हजार छात्रों के अपना नाम दर्ज कराने की संभावना है। पहले चरण की परीक्षा 18 दिन और दूसरे चरण की 16 दिन, इस तरह कुल 34 दिन चलेगी। लगभग 1 करोड़ 72 लाख 90 हजार प्रश्नपत्रों की मूल्यांयन होने की संभावना है। 2026 में 10वीं कक्षा में 26.60 लाख छात्र परीक्षा देंगे, जबकि 12वीं कक्षा में 20 लाख छात्र परीक्षा दे सकते हैं। दोनों परीक्षाएं पाठ्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगी। विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी को छोड़कर अन्य विषयों की परीक्षा क्षेत्रीय एवं विदेशी भाषा समूह में होगी। विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी की परीक्षा परिषद द्वारा घोषित निर्धारित तिथियों पर आयोजित की जायेगी। इस योजना से छात्रों का पढ़ने का बोझ कम होगा और परीक्षा का तनाव भी कम होगा। ये लागू होने से खेल के क्षेत्रमें छात्रों के लिए विशेष परीक्षाए आयोजित की जायेगा, जबकि इस योजना के कार्यान्वयन से खेल के छात्रों दोनों में से एक में परीक्षा दे सकेंगे। पहले चरण का परीक्षा केंद्र और दूसरे चरण का परीक्षा केंद्र एक ही होगा। रजिस्ट्रेशन के समय छात्रों को दो चरणों में परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा। एक बार जमा करना आवश्यक है। प्रैक्टिकल/ इंटरनल असेसमेंट परीक्षा एक बार आयोजित की जायेगी। परीक्षा के पहले चरण में मार्क सीट और उत्तीर्ण प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा, जबकि दूसरे चरण के परिणाम के प्रकाशन में व्यावहारिक/आंतरिक मूल्यांकन मार्क के साथ उत्तीर्ण प्रमाण पत्र में ग्रेड और मार्क के औसत का उल्लेख किया जायेगा। यदि छात्र पहले चरण की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं होते हैं, तो वे दूसरे चरण की परीक्षा में उत्तीर्ण मार्क के आधार पर 11वीं कक्षा में दाखिला ले सकते हैं। दूसरे चरण की परीक्षा के बाद छात्रों को मेरिट सर्टिफिकेट दिया जायेगा, लेकिन छात्र को पांच विषयों में उत्तीर्ण होना जरूरी है। यदि छात्र पहली परीक्षा में एक से पांच विषयों में असफल हो जाता है, तो छात्र पढ़ाई करके परीक्षा के दूसरे चरण में सफलता प्राप्त कर सकता है।

# ओड़िशा सरकार ने 140 लोगों को नासिक और शिरडी भेजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** क्योंझर ओड़िशा सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना 2024-25 के तहत जिले से 140 लोगों ने नासिक और शिरडी साई की यात्रा शुरू की है। राज्य सरकार के दिशा-निर्देश के अनुसार बुधवार को क्योंझर जिलापाल कार्यालय परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में जिलापाल विशाल सिंह, अतिरिक्त जिलापाल मंदरधर महालिक और रवींद्र कुमार प्रधान, संयुक्त निदेशक पर्यटन क्योंझर रमेश चंद्र नायक ने हरी झंडी दिखा कर तीर्थयात्रा को रवाना किया. इस मौके पर अतिथियों ने जिले के 140 वरिष्ठ नागरिकों की यात्रा सुखी और समृद्ध रहे, इसकी कामना की। बुधवार दोपहर को, वरिष्ठ नागरिक तीन बसों में अपनी तीर्थयात्रा शुरू किये और बालेश्वर पहुंचेंगे और रात में आराम करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी द्वारा गुरुवार की सुबह 11:30 बजे अभासी के माध्यम से तीर्थयात्रा को हरी दिखाने के बाद, तीर्थयात्री एक विशेष ट्रेन से नासिक और शिरडी साई के लिए रवाना होंगे और चार तारीख की रात को क्योंझर पहुंचने वाली है। बताया गया है कि जिला प्रशासन के 4 एस्कॉर्ट अधिकारी इस तीर्थयात्रा में शामिल होंगे और वरिष्ठ नागरिकों को हर तरह की सहायता और सहयोग प्रदान करेंगे। सरकार की इस योजना में भाग लेने के लिए जिले के 656 वरिष्ठ नागरिकों ने आवेदन किया है, जबकि पहले चरण में 140 लोगों को नासिक और शिरडी साईं दर्शन की सुविधा प्रदान की गयी है, और 16 अप्रैल को दूसरे चरण में शेष 140 लोगों को अयोध्या और वाराणसी दर्शन की सुविधा मिलेगी, क्योंझर के संयुक्त निदेशक पर्यटन नायक ने कहा।

# पुलिस एसआइ परीक्षा 8 और 9 मार्च को




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पुलिस एसआइ परीक्षा 8, 9 मार्च को आयोजित की जायेगी। इसको लेकर सूचना जारी कर दी गयी है। कुल 933 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जायेगी। बताया गया है कि एसआइ रैंक के अन्य सभी पदों के लिए भी परीक्षा होगी। परीक्षा विभिन्न जिला केंद्रों पर ओएमआर शीट पर आयोजित की जायेगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ओड़िशा पुलिस की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड करें। इस परीक्षा का आयोजन ओड़िशा पुलिस भर्ती बोर्ड करेगा।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। क्र.सं. 1, ई. निविदा सं. : इ.सी.आर.–सी.ए.ओ.–सी/एस/इ.टी.इ.एन.–एच.जेड.एम.इ.–03, कार्य का नाम : दनीया–रांची रोड दोहरीकरण के अन्तर्गत दनीया–जोगेशवर बिहार स्टेशन के बीच हाथी और जंगली जानवर ओवर पास के लिए कि०मी० 72.150 में पर आर० ओ० बी. (1X 36.00 मीटर कंपोजिट गर्डर) का. निर्माण कार्य।, अंकलित मूल्य (रु) : 19,66,36,675.95, बोली प्रतिभूति (रू.) : 11,33,200.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 (बारह) महीने। क्र.सं.2, ई. निविदा सं. : इ.सी. आर.–सी.ए.ओ.–सी/एस/इ.टी.इ.एन.–एच.जेड.एम.इ.–04, कार्य का नाम : उप मुख्य अभियन्ता / निर्माण/1 और उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण /1 पूर्व मध्य रेल हजारीबाग के अन्तर्गत विभिन्न रेल लाइन परियोजना के निर्माण के क्रम में हजारीबाग निर्माण परिसर में कार्यालय, अधिकारी विश्राम गृह, 02 युनिट टाइप–5 क्वार्टर, 02 युनिट टाइप–3 क्वार्टर तथा टोरी में अधिकारी विश्राम गृह तथा निरीक्षक विश्राम गृह का रखरखाव तथा अन्य सहायक कार्य।, आंकलित मूल्य (रु) : 96,68,766.20, बोली प्रतिभूति (रू.) : 1,93,400.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 18 (अठारह) महीने।
उप मुख्य अभियंता/निर्माण/1
पूर्व मध्य रेलवे, हजारीबाग
पीआर/02188/कॉन/इंजी./टी/24-25/44

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

# सम ने दो दिवसीय राष्ट्रीय चिकित्सा रिकॉर्ड सम्मेलन का आयोजन किया



**भुवनेश्वर।** स्वास्थ्य रिकॉर्ड एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचइआरएआइ) के दो दिवसीय 24वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों, चिकित्सा रिकॉर्ड विशेषज्ञों और उद्योग विशेषज्ञों सहित 450 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसका समापन शनिवार को सुम अल्टीमेट मेडिकेयर (एसयूएमयूएम) में हुआ। अस्पताल के चिकित्सा रिकॉर्ड विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन शुक्रवार को सम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ श्वेतपद्मा दाश ने किया। इस अवसर पर चिकित्सा सेवाओं के प्रमुख ब्रिगेडियर डॉ बिराज मोहन मिश्रा, अध्यक्ष सुरेश कार्लटन और सचिव विल्सन थाया मौजूद थे। डॉ दाश ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्रांति के लिए चिकित्सा रिकॉर्ड अस्पतालों के लिए डेटा का प्रमुख स्रोत बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे ही आधार हैं, जिस पर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना निर्भर करता है। सम्मेलन का विषय था 'गुणवत्ता मान्यता और चिकित्सा कानूनी पहलुओं के संदर्भ में चिकित्सा रिकॉर्ड और स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन में वर्तमान रुझान'। इस कार्यक्रम में चिकित्सा रिकॉर्ड और स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और सर्वोत्तम प्रथाओं पर मुख्य सत्र, पैनल चर्चा, कार्यशालाएं और प्रस्तुतियां शामिल थीं। डॉ दाश ने एचइआरएआइ आइकी वेबसाइट और ऑनलाइन पोर्टल का भी उद्घाटन किया और दो दशकों से अधिक समय से चिकित्सा रिकॉर्ड के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एचइआरएआइ के ओड़िशा चैप्टर के सात सदस्यों को डॉ डैनियल गजराज पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार विजेताओं में श्री बिजय कुमार बेहरा, प्रफुल्ल चंद्र राणा, मनोज कुमार बेहरा, नारायण चंद्र बेहरा, अजय कुमार महापात्रा, सुजीत कुमार राउल और रतिकांत बारिक शामिल थे।

# चार सतर्क रेल कर्मचारी सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** अनिल कुमार बिस्वाल, लोको पायलट (माल)/ टिटलागढ़, राजू कुमार, वरिष्ठ सहायक लोको पायलट/ टिटलागढ़, क्षीरोद कुमार प्रधान, तकनीशियन (सिग्नल मेंटेनर)/ जरपाड़ा और बिरजाबर छुरा, तकनीशियन/ सिग्नल/ मुरीबहाल को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन में उत्कृष्ट योगदान तथा संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, तुषार कांत पांडे ने श्री आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, प्रभात कुमार, वरिष्ठ मंडल सिग्नल, दूरसंचार इंजीनियर, बिनायक बेहरा, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (ओपी), संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी और अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।





JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योग्यताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly) +Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy लिमिटेड है.. ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

# शक्ति ग्रुप ने रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में 1700 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की



**भोपाल/मध्य प्रदेश (आजाद सिपाही)।** सोलर पंप्स और मोटर्स के अग्रणी निमार्ता और आपूर्तिकर्ता शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में 1700 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण निवेश की घोषणा की। पीथमपुर में लगभग 64 हेक्टयर इंडस्ट्रियल लैंड पर होने जा रहे इस विस्तार में रिंयूएबल एनर्जी सोलर वेफर से सोलर सेल, सोलर पंपिंग सिस्टम और इलेक्ट्रिक व्हीकल कम्पोनेंट्स के लिए अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित होंगी, जिससे प्रदेश में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। 1982 में स्थापित शक्ति पंप्स की भारतीय बाजार में 40 से अधिक वर्षों की समृद्ध विरासत है। कंपनी घरेलू, कृषि, औद्योगिक, सौर और सीवेज पंप सहित पंपों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करती है, जो अलग-अलग जरूरतों को पूरा करती है। यह रणनीतिक निवेश शक्ति समूह के अंतर्गत तीन अलग-अलग कंपनियों के माध्यम से किया जायेगा, जो सभी मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित हैं। शक्ति एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेडः यह कंपनी 1200 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश के साथ वेफर से सोलर सेल के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसकी क्षमता 2 गीगा वॉट होगी। उद्यम से लगभग 4000 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है। लगभग 250 करोड़ रुपये के निश्चित पूंजी निवेश की योजना बनायी गयी है, जिससे लगभग 1000 नौकरियां पैदा होंगी। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष दिनेश पाटीदार ने कहा कि यह महत्वपूर्ण निवेश मध्य प्रदेश और इसके विकास पथ के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमें राज्य की अपार संभावनाओं और इसके अनुकूल कारोबारी माहौल पर विश्वास है। शक्ति पंप्स की मध्य प्रदेश में मजबूत उपस्थिति है, जिसमें 2500 से अधिक लोग कार्यरत हैं और 04 प्लांट्स संचालित कर रहे हैं। शक्ति समूह ने पहले ही 500 करोड़ रुपये से अधिक का निश्चित पूंजी निवेश किया है। पाटीदार ने कहा कि हम रिंयूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के भविष्य को लेकर बेहद उत्साहित हैं और हमें विश्वास है कि ये हमारी विकास की कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। ये नयी सुविधाएं अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाएंगी और उच्चतम गुणवत्ता मानकों का पालन करेंगी, जिससे पंपिंग सॉल्यूशन और अब इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपोनेंट्स के एक विश्वसनीय और भरोसेमंद प्रदाता के रूप में हमारी प्रतिष्ठा और मजबूत होगी। पाटीदार ने आगे कहा कि हम मध्य प्रदेश सरकार के निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन के लिए उनके बहुत आभारी हैं। उनकी सक्रिय नीतियों और निवेशक-अनुकूल वातावरण ने इस निवेश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम माननीय मुख्यमंत्री और पूरे सरकारी तंत्र को मध्य प्रदेश को पसंदीदा राज्य बनाने के उनके दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देते हैं।

हिन्दी दैनिक आजाद सिपाही Classified

Holi Dhamaal
SHUBARAMBH EVENTS
LIVE BAND & DJ | COMPLIMENTARY THANDAI | UNLIMITED COLOUR | RAIN DANCE | GAMES FOOD STALLS | MOCKTAILS
LIMITED OFFER
8th March | 10:00 AM Onwards
STAG 499/- GROUP 1999/- COUPLE 999/-
Venue : Swastik Marriage Hall
Anchal Office Road, No.-7, Near Hehal Ganga Nagar, Pathartoli, Ranchi
FOR BOOKINGS +91 8340773711

जयपुर रत्न मंदिर जेम्स एण्ड ज्वेलर्स
होलसेल के भाव में खुदरा रत्न विक्रेता
CERTIFIED GEMS
ज्योतिषीय परामर्श उपलब्ध
फोन : 9431184212, 9334716303
बाबा टावर, गुरुद्वारा के सामने, मेन रोड, रांची (झारखंड)

GeetAnshi MUSTARD Oil
... Inspire Your Heart & Health For Good & Pure Food
Wants Sales Executive
Persons having experience in FMCG with two Wheeler.
Earn upto Rs. 30.000/- Per Month.
Contact 7004707013 / 9431369075
Lovely Inspiration Food
Near shilpa kala Kendra, Kokar Industrial Area Ranchi -834001 (Jharkhand)

GSTIN-20EZIPK2375F1ZK
RAJU KUMAR - 8789580570
VIKARM - 8434616524
PROUD MOBILE WORLD
DEALS IN: All Type of Mobiles, Accessories & D.T.H. Recharge
Specialist in MOBILE REPAIRING
MOBILE FINANCE
U, NEAR HANUMAN MANDIR, H.B.ROAD,KOKAR CHOWK
P.S. SADAR, RANCHI, JHARKHAND-834001

88094-29297
BAHA AQUARIUM
E-mail:bahaaqua570@gmail.com
Near Dharam Kanta Petrol Pump, H.B. Road, Ranchi (Jharkhad)

हिन्दी दैनिक आजाद सिपाही
कलम कलम बढ़ाये जा
वर्गीकृत विज्ञापन के लिए संपर्क करें -
डॉ. कमलेश कुमार - 9304805749
सनोज कुमार - 7209001826
रोहित सिंह - 9304280115
कोकर चौक, राँची

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
VERMA PRESS PVT. LTD.

POPKORN cinemas / SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing
CHHAAVA
Schedule For 25th Feb., 2025 onwards!
at Screen-1 (Sujata) Chhaava : 11.00, 1.45, 4.45, 7.45
at Screen-2 (Miniplex) Chhaava : 12.00, 3.15, 6.00
at Popkorn Cinemas
Chhaava : 11.30, 2.15, 4.00, 5.00, 7.00, 8.00
Sanam Teri Kasam : 1.15
Mere Husband Ki Biwi : 10.45
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**